

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-315 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है बाबा धाम : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



**रायपुर 15 फरवरी**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ रायगढ़ प्रवास के दौरान देर रात एक बजे ग्राम कोसमनारा स्थित श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ एवं श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश वासियों को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। प्रस्तावित कार्यों में मुख्य भवन के सामने ग्रेनाइट फर्श सहित शेड निर्माण, आगंतुकों के विश्राम एवं भोजन के लिए शेड निर्माण, शौचालय परिसर भवन का निर्माण तथा पार्किंग क्षेत्र के लिए सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण शामिल हैं। उन्होंने इन कार्यों के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि कोसमनारा स्थित यह धाम श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा समाज को सकारात्मक दिशा और आत्मबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुजनों के आशीर्वाद और जनता के विश्वास के साथ जनकल्याण के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित यह धाम वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा एवं भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार, श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा वर्ष 1998 से कठोर तपस्या में लीन हैं। वर्ष 2003 में उन्हें 'श्री श्री 108' की उपाधि प्राप्त हुई, जिसके बाद धाम की ख्याति और अधिक बढ़ी। बताया जाता है कि बाबा ने पत्थरों को एकत्र कर शिवलिंग का स्वरूप निर्मित किया और उसी स्थान को अपनी तपोभूमि बनाया। वर्षा, ग्रीष्म और शीत—तीनों ऋतुओं में खुले स्थान पर रहकर भगवान भोलेनाथ की साधना करना उनकी तपस्या की विशेष पहचान बन चुकी है। इस अवसर पर महापौर श्री जीवर्धन चौहान, नगर निगम सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सरपंच, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।







## शिवधाम में धूमधाम से मनाई गई शिवरात्रि

रायपुर। शिवधाम ग्राम तुलसी (पाटन जिला-दुर्ग) में शिवरात्रि पर शिव जी के विवाहोत्सव का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रध्दालु महादेव की सप्तपदी के साक्षी बने। खारुन नदी के भव्य व विशाल मंदिर में विराजमान शिवलिंग का सुबह जलाभिषेक किया गया। साढ़े ग्यारह बजे विशेष द्रव्यों से रुद्राभिषेक किया गया और दोपहर दो बजे प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे।

## केंद्र ने रेल मंत्रालय की तीन महत्वपूर्ण मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (CCEA) ने रेल मंत्रालय की तीन महत्वपूर्ण मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इनकी कुल लागत लगभग 18,509 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिन परियोजनाओं को स्वीकृति मिली। इनमें कसारा- मनमाड तीसरी और चौथी लाइन, दिल्ली-अंबाला तीसरी और चौथी लाइन और बल्लारी-होसपेटे तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। सरकार के अनुसार इन परियोजनाओं से रेलवे की लाइन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे यातायात सुगम होगा.

## अमेरिका में लापता भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया की मौत

**वाशिंगटन, 15 फरवरी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में रह रहे कर्नाटक के 22 वर्षीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया की दुखद मौत हो गई है. साकेत पिछले 6 दिनों से लापता थे, जिसके बाद रविवार को अधिकारियों ने उनके निधन की पुष्टि की. साकेत श्रीनिवासैया कर्नाटक के तुमकुरु जिले के रहने वाले थे और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में पोस्ट-ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे थे. उन्हें आखिरी बार कैलिफोर्निया के टिल्डन रीजनल पार्क के पास एक झील के नजदीक देखा गया था.

सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने रविवार को इसकी पुष्टि की. अमेरिका के कैलिफोर्निया में लापता भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया का शव मिला है. इस मामले भारतीय वाणिज्य दूतावास ने परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिया है.भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बताया कि स्थानीय पुलिस ने साकेत का शव बरामद होने की पुष्टि की है. दूतावास ने उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ खड़े हैं. दूतावास ने यह भी कहा कि वे स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं और पार्थिव शरीर को भारत भेजने की प्रक्रिया में हर संभव सहायता देंगे. कांसुलर अधिकारी परिवार के संपर्क में हैं और जरूरी औपचारिकताओं में मदद कर रहे हैं.

साकेत के पिता ने बताया था कि उनकी आखिरी बार बेटे से 9 फरवरी को बात हुई थी. बेटे के लापता होने के बाद परिवार ने उसके दोस्तों और रूममेट्स से संपर्क किया. जब कोई जानकारी नहीं मिली तो बर्कले पुलिस विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई. 13 फरवरी को साकेत के माता-पिता ने कर्नाटक की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश को पत्र लिखकर मदद मांगी थी, जिसके बाद कर्नाटक सरकार ने केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय से संपर्क साधा था. कर्नाटक सरकार ने विदेश मंत्रालय से हस्तक्षेप कर हर संभव सहायता देने का अनुरोध किया था. साकेत यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में प्रोडक्ट डेवलपमेंट प्रोग्राम में मास्टर ऑफ साइंस की पढ़ाई कर रहे थे. इससे पहले उन्होंने आईआईटी मद्रास से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की थी.

साकेत की तलाश के लिए पुलिस ने लेक अंजा और टिल्डेन रीजनल पार्क के आसपास बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया था. खोज के दौरान एक घर के पास साकेत का बैकपैक मिला, जिसमें उनका पासपोर्ट और लैपटॉप मौजूद था. इस घटना के बाद सोशल मीडिया और रेडिट (Reddit) पर भी छात्र उन्हें ढूंढने के लिए मुहिम चला रहे थे. दोस्तों के बीच साकेत अपनी बुद्धिमानी और विनम्र स्वभाव के लिए जाने जाते थे. उन्हें डीप-टेक इनोवेशन और सेमीकंडक्टर्स जैसे विषयों में काफी दिलचस्पी थी.

## विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचने वाली पहली टीम बनी वेस्टइंडीज

**मुंबई, 15 फरवरी।** रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वेस्टइंडीन ने नेपाल को 9 विकेट से हराकर विश्व कप के सुपर 8 में अपनी जगह बना ली है। वह तीन मैच जीत चुकी है। वहीं, नेपाल इस हार के साथ आधिकारिक तौर पर टी-20 विश्व कप से बाहर हो चुका है। आज के मैच में क्या कुछ हुआ विस्तार से जानिए। रविवार (15 फरवरी) मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वेस्टइंडीज ने नेपाल को हराकर सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। वेस्टइंडीज के अब तीन मैचों में लगातार तीन जीत हो गई है और वह अगले राउंड में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने नेपाल को एकतरफा मैच में 9 विकेट से करारी शिकस्त दी।

## बार्डर से पकड़ा गया नशे का सौदागर

**बिलासपुर, 15 फरवरी।** बिलासपुर पुलिस को नशीले पदार्थों के सप्लायर मास्टरमाइंड को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है. बिलासपुर पुलिस ने पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 34 ग्राम हेरोइन बरामद की थी. जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पंजाब के तरनतारन जिले से मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है.पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस गांव से आरोपी पकड़ा गया है, वह भारत-पाक सीमा से महज 200 मीटर दूर है. जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए पंजाब में नशीले पदार्थ गिराए जाते हैं, जिन्हें बाद में अलग-अलग राज्यों में खपाया जाता है. इसी नेटवर्क के जरिए बिलासपुर तक हेरोइन पहुंच रही थी.

कुछ दिन पहले चकरभाठा पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपियों से 34 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी. गिरफ्तार आरोपियों में मोहित हिंदूजा (32), करन दीप सिंह (29) और आर. रजिंदर कुमार (35) शामिल थे. पूछताछ में खुलासा हुआ था कि करन दीप सिंह दूसरे राज्य से मादक पदार्थ लाकर मोहित हिंदूजा को देता था, और अपने साथी रजिंदर कुमार के साथ मिलकर ऊंचे दामों पर बेचता था. तीनों आरोपियों को जेल भेजकर पुलिस मामले की गहन जांच कर रही थी.

### पंजाब कनेक्शन: मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

विवेचना के दौरान पुलिस को हेरोइन



सप्लाई चेन का अहम सुराग मिला. इसके बाद टीम पंजाब के तरनतारन जिले पहुंची और थाना खेमकरण क्षेत्र से मुख्य तस्कर बाला उर्फ बलराम सिंह सनियारे (63) को गिरफ्तार किया. आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर बिलासपुर लाया जा रहा है और अलग से एनडीपीएस कोर्ट में पेश किया जाएगा. पुलिस टीम आरोपी को ट्रेन के जरिए बिलासपुर ला रही है.

बताया जा रहा है कि जिस क्षेत्र से आरोपी पकड़ा गया है, वह अंतरराष्ट्रीय सीमा से बेहद करीब है. जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से पंजाब में नशीले पदार्थ गिराए जाते हैं, जिन्हें बाद में देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई किया जाता है.

### ट्रांजिट रिमांड पर बिलासपुर लाया जा रहा

मामले में सीएसपी सिविल लाइन निमितेश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पंजाब से मुख्य सप्लायर की पहचान हुई. हमारी टीम ने तरनतारन जिले के खेमकरण क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया है, और उसे ट्रांजिट रिमांड पर बिलासपुर लाया जा रहा है. पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं.

## 50 किलो गांजा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**धमतरी, 15 फरवरी।** एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट तथा थाना सिविल लाईन पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कार से गांजा की तस्करी करते दो तस्करों को पकड़ने में कामयाबी पाई है. तस्करों के पास से 50.94 किलोग्राम गांजा के साथ 2 लाख रुपए नगदी, कार और मोबाइल सहित कुल 32,67,000 रुपए का माल जब्त किया है. जानकारी के अनुसार, एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट की टीम को 14 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली की सिविल लाइन थाना क्षेत्रांतर्गत केनाल रोड स्थित दुर्गा मंच के पीछे खाली मैदान में एक चारपहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री के उद्देश्य से ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं.सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त (क्राइम एण्ड साइबर) स्मृतिक राजनाला एवं



पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल जोन) उमेश प्रसाद गुप्ता द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों एवं प्रभारियों को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट तथा थाना सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर वाहन में सवार दो लोगों से पूछताछ की. जिस पर कार में बैठे लोगों ने अपना परिचय हृषिकेश उर्फ ऋषिकेश उर्फ ऋषि सरोज एवं हिमांशु दामले बताया. टीम के सदस्यों द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में अलग – अलग पैकेटों में गांजा रखा होना पाया गया.आरोपियों के कब्जे से कुल 50 किलो 94 ग्राम गांजा, नगदी रकम 2 लाख रूपये, 2 मोबाइल फोन, टोयोटा कार सहित लगभग 32,67,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 88/26 धारा 20(सी), 29 नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई.

## तारिक रहमान के करीबी भारत को देने लगे नसीहत

**ढाका, 15 फरवरी।** बांग्लादेश में बहुमत हासिल करने के बाद बीएनपी ने भारत को नसीहत देना शुरू कर दिया है। बीएनपी चीफ तारिक रहमान के करीबी हुमायूं कबीर ने कहा कि भारत को अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देना चाहिए और शेख हसीना को प्रत्यर्पित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को बांग्लादेश में बीएनपी को मिले प्रचंड जनादेश का सम्मान करना चाहिए और अपनी सोच में बदलाव करना चाहिए। इसके साथ ही बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग के सत्ता से हटने के बाद भारत के साथ संबंधों को नए सिरे से स्थापित करने की इच्छा जताई है। तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि दोनों देशों को "पारस्परिक लाभ" के लिए मिलकर काम करना चाहिए। बांग्लादेश में को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए, जिसमें रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने दो-तिहाई से अधिक बहुमत के साथ शानदार जीत दर्ज की।

**बदली हुई वास्तविकता स्वीकार करे भारत- कबीर**-कबीर ने कहा कि बांग्लादेश में बीएनपी को मिले प्रचंड जनादेश के बाद बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना अब भारत की जिम्मेदारी है। कबीर ने कहा, "बदलाव भारत की सोच में आना चाहिए। शेख हसीना और अवामी लीग आज के बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं। जनता ने स्पष्ट रूप से बीएनपी के पक्ष में फैसला दिया है।"

**शेख हसीना पर लगाया 1500 लोगों की हत्या करवाने का आरोप**कबीर ने अगस्त 2024 के जनविद्रोह के बाद भारत जा चुकीं हसीना को "आतंकवादी" करार देते हुए उन पर 1,500 से अधिक लोगों की मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया।

## मोदी सरकार कर रही किसानों से 'विश्वासघात': राहुल

**नई दिल्ली, 15 फरवरी।** राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसानों के साथ विश्वासघात बताते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की है, जिसमें अमेरिकी जीएम मक्का आधारित डीडीजी और सोयाबीन तेल के आयात पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने चिंता जताई कि इससे भारतीय दूध उत्पादन अमेरिकी कृषि पर निर्भर हो सकता है और घरेलू किसानों को भारी नुकसान होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के ढांचे को लेकर केंद्र सरकार पर अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि इस समझौते के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। एक पोस्ट में गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अमेरिका से डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स (डीडीजी) फसलों के आयात का मतलब पूछा। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह होगा कि भारतीय पशुओं को आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) अमेरिकी मक्का से बना डिस्टिलर्स ग्रेन खिलाया जाएगा, और सवाल उठाया कि क्या इससे भारतीय दूध उत्पादन अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि हम अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के नाम पर भारत के किसानों के साथ विश्वासघात देख रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री



से कुछ सीधे सवाल पूछना चाहता हूं: डीडीजी आयात का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय पशुओं को जीएम अमेरिकी मक्का से बना डिस्टिलर्स ग्रेन खिलाया जाएगा? क्या इससे हमारा दूध उत्पादन अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएगा?

कांग्रेस सांसद ने आगे इस बात पर जोर दिया कि अगर अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित सोयाबीन तेल के आयात की अनुमति दी जाती है, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और पूरे देश के भारतीय सोयाबीन किसानों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? उन्होंने अतिरिक्त उत्पाद शब्द का अर्थ भी स्पष्ट करते हुए पूछा कि क्या यह इस बात का संकेत है कि समय के साथ भारत पर दालों और अन्य फसलों के बाजारों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने का दबाव पड़ेगा? राहुल गांधी ने कहा कि अगर हम आनुवंशिक रूप से संशोधित सोयाबीन तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और पूरे देश के हमारे सोयाबीन किसानों का क्या होगा? वे एक और मूल्य वृद्धि का सामना कैसे करेंगे? जब आप 'अतिरिक्त उत्पाद' कहते हैं, तो वास्तव में इसमें क्या शामिल है? क्या यह इस बात का संकेत है कि समय के साथ दालों और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने का दबाव पड़ेगा? गांधी ने यह भी सवाल उठाया कि क्या भारत पर आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर अपना रुख नरम करने का कोई दबाव पड़ेगा.

## टीपू सुल्तान को लेकर बवाल, ओवैसी के बयान पर भाजपा भड़की

नई दिल्ली,15 फरवरी। 18वीं सदी में मैसूर के सुल्तान टीपू को लेकर आज भारत की राजनीति तेज हो गई है। एआईएमआईएम चीफ ओवैसी द्वारा टीपू पर दिए गए बयान के बाद भाजपा ने उन पर पलटवार करते हुए इतिहास को तोड़-मोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है।

भाजपा की तरफ से कहा गया कि टीपू सुल्तान कर्नाटक, मैसूर और अन्य क्षेत्रों के हिंदुओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार थे और उन्होंने कई काम ऐसे किए थे, जिन्हें हिंदू विरोधी माना गया था। टीपू सुल्तान को लेकर ओवैसी द्वारा दिए गए बयान पर तीखी टिप्पणी करते हुए तेंलगाना भाजपा के अध्यक्ष एन. रामचंदर ने कहा कि टीपू सुल्तान का महिमामंडन करना इतिहास को तोड़कर पेश करने जैसा है। उन्होंने कहा, "सभी इस बात को जाते हैं कि टीपू सुल्तान कर्नाटक, मैसूर और अन्य स्थानों पर कई हिंदुओं के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार थे। उनके का हमेशा हिंदू-विरोधी रहे हैं। एआईएमआईएम पार्टी उन्हें महिमामंडित करने की कोशिश कर रही है।

# ग्राम के युवाओं ने पुलवामा हमले के शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 15 फरवरी।** पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम।मसवासीः जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शनिवार को ग्राम मचांदुर के मेन चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह हमला वर्ष 2019 में हुआ था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के 40 जवान शहीद हो गए थे।

भाजपा उतई मंडल महामंत्री प्रवीण कुमार यदु ने अपने संबोधन में पुलवामा हमले को देश के इतिहास की एक'काली घटना' बताया। उन्होंने कहा कि इस हमले में 40 वीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था।यदु ने ग्रामीणों से शहीदों के बलिदान को सदैव याद रखने और राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

भूतपूर्व उपसरपंच महेश साहू ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह सातवीं बरसी उनके त्याग, साहस और देशभक्ति की याद दिलाती है।सेवा सहकारी समिति मचादूंर प्राधिकृत अध्यक्ष फ्लेन्द्र सिंह राजपूत ने ग्रामीणों को एवं आस पास से आए हो ग्रामीणों को देश सेवा और अनुशासन का महत्व को समझाया। कार्यक्रम के दौरान शहीद जवानों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। युवाओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए।



मचांदूर चौक परिसर में दीप प्रज्वलित कर वीर जवानों को नमन किया गया।अंत में, ग्रामीण युवाओं ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। और स्वच्छता कर्मचारी झेरयारनी निषाद, का नारियल एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर प्रमुख रूप से नितेश कुमार, शीत कुमार, गिरवर कुमार(सैनिक), जयदीप साहू, मोक्ष साहू, दिलीप कुमार (पूर्व सरपंच)फ्लेंद्र राजपूत, नवाब खान, जयदीप यादव, सूरज पटेल, विजय साहू, नितिन राजपूत, तीरेंद्र साहू, महेश साहू, कृष्णा कुमार, लिसा साहू, हेमा यादव, मिताली साहू, झेरयारनी निषाद, सहित अधिक सांख्य में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# हर घर जल योजना से कन्हारी में ग्रामीणों का जीवन हुआ आसान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 फरवरी।** कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के दूरस्थ वनांचल और बैगा जनजाति बहुल ग्राम कन्हारी में जल जीवन मिशन के तहत चल रही हर घर जल योजना से ग्रामीणों का जीवन काफी आसान हो गया है। अब गांव के हर घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से साफ और पर्याप्त पानी मिल रहा है, जिससे कई सालों पुरानी पेयजल की समस्या दूर हो गई है। इससे लोगों के जीवन में सुविधा, सुरक्षा और सम्मान की भावना बढ़ी है। पहले गांव के लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों को पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। वे कुएं, नाले और हैंडपंप पर निर्भर रहते थे, जिससे रोज कई घंटे मेहनत करनी पड़ती थी। इससे उनका समय और ऊर्जा दोनों खर्च होते थे और पढ़ाई, कामकाज और सेहत पर भी असर पड़ता था। अब हर घर में नल से पानी मिलने से यह परेशानी खत्म हो गई है। महिलाओं का समय बच रहा है, जिसे वे अब घर, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी कामों में लगा पा रही हैं।

साफऔर सुरक्षित पानी मिलने से गांव में पानी से होने वाली बीमारियां भी कम हुई हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिल रहा है। इससे इलाज पर खर्च भी कम हुआ है और लोगों का जीवन पहले से बेहतर हुआ है।ग्राम कन्हारी में यह योजना ग्राम पंचायत, जल समिति और ग्रामीणों के सहयोग से सफलतापूर्वक चल रही है। पानी की व्यवस्था और देखभाल भी गांव के लोग मिलकर कर रहे हैं, जिससे नियमित और सही मात्रा में पानी मिलता रहे। हर घर जल योजना ने ग्राम कन्हारी में सिर्फ पानी की सुविधा ही नहीं दी, बल्कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, समय की बचत और सम्मान के साथ जीने का मौका भी दिया है। यह योजना जनजातीय क्षेत्रों में विकास का एक अच्छा उदाहरण बन गई है।

## एक नजर

### सेक्टर-4 व 2 में जलापूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित

**भिलाई, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत कार्यरत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा सूचित किया गया है कि सेक्टर-4 में निर्माणाधीन नए उच्चस्तरीय जलागार (ओवरहेड टैंक) हेतु मुख्य राइजिंग पाइप लाइन से इंटरकनेक्शन का महत्वपूर्ण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उक्त इंटरकनेक्शन कार्य के कारण सेक्टर-4 के संपूर्ण क्षेत्र में दिनांक 17 फ़रवरी (मंगलवार) तथा सेक्टर-2 के संपूर्ण क्षेत्र में दिनांक 18 फ़रवरी (बुधवार) को जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित रहने की संभावना है। यह कार्य दिनांक 17 फ़रवरी को प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।

**प्रभावित क्षेत्र इस प्रकार हैं—**दिनांक 17 फ़रवरी को सेक्टर-4 का संपूर्ण क्षेत्र तथा दिनांक 18 फ़रवरी को सेक्टर-2 का संपूर्ण क्षेत्र। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग, नगर सेवाएँ विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के निवासियों से सहयोग की अपील की गई है। नागरिक असुविधा से बचने हेतु निर्धारित तिथियों के लिए आवश्यकतानुसार जल का भंडारण पूर्व में ही सुनिश्चित कर लें।

### अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए बीएसपी टीम की चयन स्पर्धा

**भिलाई, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 26-28 फरवरी तक आयोजित एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम के चयन हेतु क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 17 व 18 फरवरी को संध्या 6:00 बजे से भिलाई क्लब, सिविक सेंटर, भिलाई में चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। बीएसपी के नियमित पुरुष कार्मिक, जो उक्त चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे दिनांक 16.02.2026 तक अपना नाम चयनकर्ताओं के पास दर्ज करा सकते हैं। चयनकर्ता के रूप में उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग) अभिजीत भौमिक तथा प्रवीण उपाध्याय नामांकन स्वीकार करेंगे। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 74939599530 पर भी संपर्क कर सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप महाप्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग) होंगे।

### सूने मकान में चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र के सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण जब्त किया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सीमा वासनिक (39 साल ) निवासी कैम्प-1 प्रेमनगर ने थाना वैशाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 20 दिसंबर को उनका परिवार गांव गया हुआ था एवं मकान में ताला बंद था पड़ोसी ने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है घर पहुंचने पर सोने-चांदी के जेवर एवं नगदी 15 हजार रुपए अज्ञात आरोपी ने चोरी कर ले जाना पाया गया रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 331(4), 305 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि इंदिरा गांधी कॉलेज के पास संदेही जे. पवन उर्फब्रूसली (20 साल ) निवासी सुंदर नगर गुरूद्वारा के पास, कैम्प-1 को घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया।

### महा शिवरात्रि पर्व में पंचमुखी बुढ़ादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा



**कवर्धा, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महा शिवरात्रि पर्व में पंचमुखी बुढ़ादेव मंदिर में सुबह से श्रद्धाओं ने नारियल, केला, मिठाई, फूल, दूध और जल चढ़ाकर अगरबत्ती जलाकर एवं दिया जलाकर पूजा की। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। महा शिवरात्रि पर्व में युवाओं, महिलाओं, छात्राओं और परिवार के सदस्यों में भारी उत्साह दिखा। पुलिस प्रशासन भी मंदिर के आसपास मुस्तैद दिखी। गांव गांव में शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता दिखा। नारियल, केला और फूल, मिठाई की बिक्री से दुकानदारों, व्यापारियों में भी खुशी की लहर दिखी।

# यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 2952 वाहन चालकों के खिलाफ की कार्रवाई

## मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहन चालकों से वसूला गया 5 हजार रुपए समंस शुल्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 फरवरी।** यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 13 दिनों में 2952 वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की। इस कार्रवाई में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 1613 चालकों को ई-चालान जारी किया। वहीं मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहन पर 5 हजार रुपए समंस शुल्क वसूला गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस जिले के 5 प्रमुख चौक-चौराहों पर सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है अभियान के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रिपल सवारी, तेज गति, गलत दिशा में वाहन संचालन, नो-पार्किंग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विगत 13 दिनों में कुल 2952 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इसमें 1613 बिना हेलमेट वाहन चालकों को ई-चालान जारी किया गया चालान जारी होने के पश्चात निर्धारित समय में भुगतान नहीं करने वाले वाहन चालकों को नियमानुसार नोटिस जारी किया जा रहा है। भुगतान नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे वहीं शिकायत के आधार पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट को रोककर जांच की गई वाहन चालक कमल कुमार रजक निवासी हाटरी बाजार, दुर्ग के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 182 (ए) के अंतर्गत 5000 रुपये का चालान किया गया तथा मॉडिफाइड साइलेंसर को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



### अवैध नशीले सिरप और कैप्सूल बेचते आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना खुर्सीपार पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण एवं अपराध पतासाजी के दौरान पं. दीनदयाल मिनी स्टेडियम शौचालय के पास खुर्सीपार में मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध रूप से नशीले सिरप एवं कैप्सूल की बिक्री कर रहे हैं सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को पकड़ा गया पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम इफ्तेखार खान (39 साल ) निवासी गांधी नगर, भिलाई-03 तथा मोहम्मद अब्बास रजा (30 साल ) निवासी सेक्टर-02, भिलाई भट्ठी बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से नशीले सिरप, कैप्सूल एवं बिक्री की नगदी बरामद की गई।



# तलवार दिखाकर लोगों को डराने व मारपीट करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 फरवरी।** तलवार लहराकर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कुमार दास ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने कोसानगर स्थित मकान की साफसफाई के लिए गया हुआ था उसी दौरान उसका भाई अरूप दास घर आने की बात को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से प्रार्थी पर प्राणघातक हमला करने का प्रयास किया प्रार्थी द्वारा आत्मरक्षा में हथियार को पकड़े जाने पर आरोपी ने ईट से मारपीट की इस से प्रार्थी को पीठ एवं बाएं हाथ की कोहनी में चोट आई प्रकरण में थाना सुपेला में धारा 296, 115 (2), 351(3) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी प्रणव कुमार दास (43 साल ) निवासी कोसानाला सांस्कृतिक भवन के पास, सुपेला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है।



# मुख्यमंत्री साय रायगढ़ पहुंचे लाल मैदान में हुआ स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 15 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायगढ़ जिले के प्रवास पर पहुंचे। शहर के डिग्री कॉलेज स्थित लाल मैदान में उनके आगमन पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। लाल मैदान पहुंचने पर नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू, अरुणधर दीवान, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, गुरुपाल भल्ला, सुभाष पाण्डेय, विजय केडिया, कौशलेष मिश्रा, पवन शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे तथा नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


# मुख्यमंत्री साय ने पंडरीपानी के महालक्ष्मी मंदिर में की पूजा



■ **महालक्ष्मी की भव्य आरती में शामिल होकर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना**

**रायगढ़, 15 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम पंडरीपानी में गजमार पहाड़ी के पीछे स्थित महालक्ष्मी मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर पहुँचकर उन्होंने माता महालक्ष्मी की भव्य महाआरती में हिस्सा लिया और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मां महालक्ष्मी सेवा एवं कल्याण समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस आध्यात्मिक अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू, अरुणधर दीवान, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, गुरुपाल भल्ला, सुभाष पाण्डेय, विजय केडिया, कौशलेष मिश्रा, पवन शर्मा, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रविभूषण शास्त्री ने बताया कि इस भव्य मंदिर की आधारशिला वर्ष 2017 में रखी गई थी, जिसका निर्माण कार्य 2023 में पूर्ण हुआ और दिसंबर माह के शुभ मुहूर्त में यहाँ प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। मंदिर की विशेषता इसकी अद्वितीय मूर्तियां हैं, जहाँ माँ तारा, काली, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वरी, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगुलामुखी, मातंगी और माँ कमला जैसी 10 महाविद्याएं विराजमान हैं। इनके साथ ही माँ विमला, माँ मंगला और भैरव बाबा की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं।

## वनांचल के काटाझरिया में कलेक्टर ने किया निरीक्षण, संगम स्थल की संभावनाओं पर जोर

# घटेश्वरी मंदिर क्षेत्र बनेगा नया पर्यटन केंद्र, केलो तट के समग्र विकास की तैयारी

■ **प्राकृतिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए मूलभूत सुविधाओं के विकास की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 15 फरवरी।** रायगढ़ जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र तमनार विकासखंड के ग्राम पंचायत कसडोल के आश्रित ग्राम-काटाझरिया स्थित घटेश्वरी मंदिर परिसर एवं केलो नदी तट को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस पहल प्रारंभ कर दी है। रायगढ़ से लगभग एक सवा घंटे की दूरी पर स्थित केलो नदी तथा पाछर नदी के संगम स्थल के निकट मुख्य मार्ग पर स्थित यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और शांत वातावरण के कारण पहले से ही आकर्षण का केंद्र रहा है।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने खनिज उत्खनन प्रभावित वनांचल क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और पर्यटन विकास की व्यापक संभावनाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला पंचायत सीईओ एवं घरघोड़ा एसडीएम को इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला पंचायत सीईओ को पर्यटन विकास की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर ग्राम समिति गठित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि रायगढ़ शहर के निकट होने के कारण छुट्टियों एवं अवकाश के दिनों में यहां रायगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग दर्शन और भ्रमण के लिए पहुंचते हैं। यदि पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों के लिए स्थानीय स्तर पर मूलभूत सुविधाएं-जैसे स्वच्छता व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और मार्गदर्शन संकेतक, उपलब्ध कराई जाएं, तो यहां पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

कलेक्टर ने मंदिर परिसर के पीछे स्थित केलो नदी तट का भी निरीक्षण किया और क्षेत्र की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्य प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना किए जा सकते है। मैदानी समतलीकरण पेड़ पौधों को नुकसान किए बिना, पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न स्थलों को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केलो नदी तट पर स्थित मंदिर के पीछे का क्षेत्र स्थानीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकास की पूरी संभावनाएं है। प्रारंभिक चरण में पर्यटकों और स्थानीय दर्शनार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जाए।

# अमरकंटक की प्राकृतिक धरोहरों से रूबरू हुए प्राणीशास्त्र विभाग के विद्यार्थी

■ शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यार्थियों को मिली जैव विविधता व औषधीय वनस्पतियों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 15 फरवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन एवं व्यावहारिक ज्ञानार्जन के उद्देश्य से 11 फरवरी को अमरकंटक का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। प्राणीशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. गोकुल प्रसाद एवं डॉ. राकेश धृतलहरे के नेतृत्व में इस शैक्षणिक यात्रा में प्राणीशास्त्र विभाग के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के कुल 22 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को अमरकंटक क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता, औषधीय वनस्पतियों तथा प्राकृतिक संसाधनों के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्राध्यापकों द्वारा स्थल पर ही विभिन्न वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं की विशेषताओं, उनके पारिस्थितिक महत्व तथा संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। यात्रा के अंतर्गत विद्यार्थियों को नर्मदा उद्गम स्थल, दूधधारा जलप्रपात, सोन नदी उद्गम स्थल, माई की बगिया तथा सहस्रधारा जलप्रपात जैसे प्रमुख प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इन स्थलों के माध्यम से विद्यार्थियों को क्षेत्र की भौगोलिक संरचना, जल स्रोतों की उत्पत्ति तथा पर्यावरणीय संतुलन के महत्व की जानकारी दी गई एवं विद्यार्थियों को प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा जैव विविधता के संवर्धन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती ने विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं तथा उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करते हैं।

## एक नजर

### ग्राम पंचायत ठेकुना में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**सिमगा 15 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा विधानसभा के अंतर्गत एक्सटेंसन रिफॉर्म आत्मा योजना अंतर्गत कृषक गोष्ठी कार्यक्रम रवि वर्ष 2025 2026 कृषक गोष्ठी कृषक प्रशिक्षण ग्राम पंचायत ठेकुना में किसानों को प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री हेम सिंह चौहान जी राइस मिल प्रशसकरण प्रकल्प प्रदेश सहसंयोजक उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी की गारंटी पूरे देश में ट्रिपल इंजन की सरकार पंचायत से लेकर संसद तक चल रही है किसानों के हित में भारतीय जनता पार्टी सरकार किसान निर्णय लेने के कारण किसान खुशहाल है छत्तीसगढ़ में श्री विष्णु देव सहायक की सरकार धान की अंतरराष्ट्रीय होली के पहले सभी किसानों को देगी पीएम सम्मन निधि किसने के लाभ दो गुना हो रही है विकसित भारत की राम जी राम किसानों से जुड़ गई है खाद भी दवाई एग्रीकल्चर औजार में सरकार सब्सिडी दे रही है एवं 2047 का विजन लेकर भारत आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रही है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रिखी राम साहू जनपद सदस्य सभापति श्रीमती जीत त्रिलोक कुर्रे सभापति जनपद सदस्य सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर साहू जी समस्त जनप्रतिनिधि पंच सरपंच किसान भाई एवं कृषि वैज्ञानिक कृषि अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ

### राजस्व की टीम ने अवैध रेत परिवहन करते 4 ट्रैक्टर किए जब्त



**बलौदाबाजार 15 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर राजस्व एवं खनिज़ की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को अवैध रेत परिवहन करते 4 ट्रैक्टर को राजस्व की टीम ने जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कसडोल अंतर्गत तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम दर्रा से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना कसडोल के सुपुर्द किया गया, वहीं तहसील पलारी अंतर्गत 3 ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते पाया गया जिसे जब्त कर थाना पलारी के सुपुर्द किया गया कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर रेत घाटों कि कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही जिला टास्क फ़ोर्स का भी गठन किया गया है जिसमें पुलिस, राजस्व विभाग और खनिज विभाग की एक संयुक्त टीम द्वारा औचक छापेमारी की जाती है।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर रोप-वे 16 से 27 फरवरी तक रहेगा बंद



**डोंगरगढ़ 15 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित रोप-वे सेवा मरम्मत व नियमित मेंटनेंस कार्य के कारण अस्थायी रूप से बंद रहेगी। समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोप-वे का संचालन 16 फरवरी सोमवार से 27 फरवरी शुक्रवार तक पूर्णतः बंद रहेगा। ट्रस्ट समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर रोप-वे का तकनीकी निरीक्षण और मेंटनेंस कार्य कराया जाता है। इसी क्रम में निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक मरम्मत, उपकरणों की जांच एवं सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के पश्चात रोप-वे का संचालन पुनः प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि उक्त अवधि में रोप-वे सेवा उपलब्ध नहीं रहेगी, इसलिए दर्शन के लिए आने वाले भक्तजन पैदल मार्ग का उपयोग करें। मंदिर में दर्शन-पूजन की व्यवस्था यथावत जारी रहेगी। ज्ञात हो कि डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रदेश के प्रमुख आस्था केंद्रों में से एक है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। रोप-वे सेवा विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक मानी जाती है।

### प्रोजेक्ट में देरी से जनता में निराशा

# सात साल से अटकी डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन के लिए सांसद ने रेल मंत्री से की त्वरित कार्रवाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 15 फरवरी।** डोंगरगढ़ से कटघोरा तक प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित नई रेल लाइन परियोजना एक बार फिर सुर्खियों में है। सात वर्ष पहले भूमिपूजन के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाने से क्षेत्र में असमंजस और नाराजगी का माहौल है। परियोजना को अब तक राजपत्र में प्रकाशित नहीं किया गया है और न ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकी है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और सरकारी दावों के बावजूद जमीनी हकीकत पर सवाल उठने लगे हैं। डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह परियोजना क्षेत्र के लगभग 70 प्रतिशत हिस्से को सीधा लाभ पहुंचाने वाली है। इसके बन जाने से राजनांदगांव के साथ-साथ खैरागढ़, कवर्धा और मुंगेली जैसे जिले पहली बार सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। इससे न केवल यात्री सुविधा बढ़ेगी, बल्कि व्यापार, पर्यटन और स्थानीय रोजगार को भी नई दिशा मिलेगी।

इसके विपरीत, राजनांदगांव जिले के परमालकसा से खरसिया तक प्रस्तावित नई रेल लाइन को लेकर राजपत्र में प्रकाशन हो चुका है और प्रभावित जमीनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि यह परियोजना हाल ही में सामने आई, जबकि डोंगरगढ़-कटघोरा लाइन को सात वर्ष पूर्व स्वीकृति और भूमिपूजन मिल चुका है। दोनों परियोजनाओं की प्रगति में यह अंतर क्षेत्रवासियों के बीच चर्चा और असंतोष का कारण बना हुआ है।

सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाक़ात- इसी बीच राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र की रेल सुविधाओं और लंबित परियोजनाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने विशेष रूप से डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की। सांसद ने इसे क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बताते हुए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया।

ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग भी रखी- सांसद ने इसके अलावा कई ट्रेनों के ठहराव की मांग भी रखी। इनमें भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ में ठहराव, हटिया एक्सप्रेस (लोकमान्य तिलक-हटिया) का राजनांदगांव में स्टॉपेज, पुरी-गांधीधाम तथा पुरी-अजमेर ट्रेनों का राजनांदगांव में ठहराव शामिल है। उन्होंने कहा कि ये मांगें सामाजिक और यात्री सुविधा की दृष्टि से आवश्यक हैं। रेल मंत्री द्वारा इन मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिए जाने की जानकारी भी साझा की गई है।

मुख्यमंत्री भी कर चुके है रेल मंत्री से मुलाक़ात- उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी केंद्रीय स्तर पर इस परियोजना को गति देने के लिए रेल मंत्री से मुलाकात की थी। बावजूद इसके अब तक परियोजना जमीनी स्तर पर आगे नहीं बढ़ सकी है। लगातार दूसरी बार केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार होने के बावजूद परियोजना का काम शुरू नहीं होना विपक्ष और आम जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसे केवल बजटीय घोषणा तक सीमित परियोजना करार दिया है। सांसद संतोष पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की सेवा और सुविधा उनकी प्राथमिकता है और वे इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें इस महत्वाकांक्षी रेल लाइन के शीघ्र क्रियान्वयन पर टिकी हुई हैं।

### औद्योगिक क्षेत्र बनने पर

## मंत्री टंकराम वर्मा की सक्रियता से तिल्दा का विकास हो रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 15 फरवरी।** औद्योगिक क्षेत्र बनने के बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिरः- 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्रः 247 लाख रुपये की लागत से बना 33/11 के.व्ही. निर्माण जारी है 42 लाख रुपये की लागत से बना उप पंजीयक कार्यालय भवन का लोकार्पण किया जा चुका है इस तरह प्रार्थना शेड बी.एन.बी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल सासाहोली और स्वामी आत्मानंद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 18-18 लाख रुपये की लागत से निर्माण किया गया है अत्याधुनिक ऑडिटोरियम*: 4.90 करोड़ रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 22 में अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा स्वास्थ्य सेवा औद्योगिक क्षेत्र में बहुत ही जरूरी है। तिल्दा नेवरा औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों और उद्यमियों के लिए स्वास्थ्य सेवा एक बड़ी आवश्यकता है। यहां के औद्योगिक क्षेत्र में कई प्रकार के उद्योग हैं, जहां मजदूरों को विभिन्न प्रकार के खतरे हो सकते हैं। इसलिए, यहां पर स्वास्थ्य सेवा की सुविधा होना बहुत ही जरूरी है।मजदूरों को तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सकती है।बीमारियों का समय पर इलाज हो सकता है- मजदूरों की सेहत की जांच और उपचार हो सकता है। औद्योगिक दुर्घटनाओं में तुरंत सहायता मिल सकती है- मजदूरों की उत्पादकता बढ़ सकती है।

तिल्दा में अस्पताल है, लेकिन डॉक्टरों की कमी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में केवल कुछ डॉक्टर हैं, जबकि प्रतिदिन 250 मरीज आते हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है ख। तिल्दा में स्वास्थ्य सेवा की स्थितिः- अस्पताल में डॉक्टरों की कम- मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों का दरवाजा खटखटाना पड़ता ह- सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं तिल्दा के सरकारी अस्पताल में कई अभाव हैं, जिनकी वजह से मरीजों को परेशानी होती है। यहां कुछ प्रमुख अभाव हैंः सुविधाओं की कमीः अस्पताल में कई आवश्यक सुविधाएं नहीं हैं, जैसे कि एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन आदि। है विशेषज्ञ नहीं है जांच रिपोर्ट नहीं मिलती - बेड की कमी अस्पताल में बेड की कमी है, जिसकी वजह से मरीजों को जमीन पर लाना पड़ता है।

चिकित्सा उपकरणों की कमीः अस्पताल में कई आवश्यक चिकित्सा उपकरण नहीं हैं। स्टाफ की कम : अस्पताल में स्टाफ की कमी है, जिसकी वजह से मरीजों को परेशानी होती है आस पास बड़े बड़े उद्योग लग रहे है इस वक्त तिल्दा नेवरा अंचल में सर्वाधिक उद्योगों की भरमार हे लेकिन ग्रामीण विकास में इन उद्योगों का कोई खास योग दान नहीं जाए है इस का मुख्य कारण है जनप्रतिनिधियों का विकास ओर यह सिलसिला नया नहीं है वर्षो से चल रहा है

तिल्दा नेवरा सहित चारों ओर गावो में रहवासी धूल और धुवां से परेशान है रेलवे स्टेशन में रैक पॉइंट के चलते तिल्दा नेवरा के विकास में ग्रहण लग रहा हे हर सड़क पर बड़े वाहनों की तेज रफ्तार आस पास के बड़े उद्योगों से कोयला सीमेंट किलिंकर आदि की ढुलाई से हर कोई परेशान है लेकिन जनप्रतिनिधियों ने आंखे बंद कर ली है।

## लालच देकर ठगी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 15 फरवरी।** प्रार्थी रामचंद्र वस्त्रकर निवासी श्याम कॉलोनी बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 23.07.2025 से 19.10.2025 के मध्य आरोपियों द्वारा VIP ट्रेड नामक कंपनी बनाकर 10-12त्न प्रतिमाह गारंटीड रिटर्न देने का झूठा प्रलोभन देकर कुल ?8,06,640 जमा करवा लिया। फिर आरोपियों द्वारा जमा रकम का 12त्न के हिसाब से प्रतिदिन ग्रोथ हो रहा है, बाद में पैसा निकाल लेना कहा गया। प्रार्थी द्वारा पैसा वापस मांगने पर नहीं दिया गया तत्पश्चात आरोपियों द्वारा अपना मोबाइल को बंद कर लिया गया, जिससे प्रार्थी को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ। आरोपियों द्वारा प्रार्थी को झांसे में लेकर ठगी एवं धोखाधड़ी किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 307/2025 धारा 318(4),316(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल को उचित दिशा निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में आरोपियों के संबंध में तकनीकी विश्लेषण कर जानकारी जुटाना प्रारंभ किया गया, जिसमें सभी आरोपियों के राजस्थान से संपूर्ण ठगी का जाल फैलाने के संबंध में पता चला। साथ ही यह भी पता चला कि आरोपी अजमेर राजस्थान के एक धोखाधड़ी के मामले में केंद्रीय कारागार अजमेर में निरुद्ध है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत केंद्रीय कारागार अजमेर राजस्थान से चारों आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर सभी आरोपियों द्वारा VIP ट्रेड नामक कंपनी बनाकर, रिटर्न में ज्यादा पैसे मिलने का लालच देते हुए लोगों से ठगी करना स्वीकार किया गया।

## 2 शराब कोचिए गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 15 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ÷समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 12.02.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधपुरी एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम गिधपुरी-जुनवानी रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?15,000 कीमत मूल्य का 150 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्न22 2230 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना गिधपुरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।




## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 15 फरवरी।** मृतक इतवारी राम पैकरा उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम डाढाखार को सिर में आई चोंट के कारण उपचार हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया था, जिसकी दिनांक 08.04.2025 को मृत्यु हो गया। कि प्रकरण में मर्ग जांच पंजीबद्ध कर शव का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें मृतक के सिर में किसी वस्तु से घातक वारकर गंभीर चोंट पहुंचाना पाया गया, जिस पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 59/2026 धारा 103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। साथ ही घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर मृतक के परिजनों एवं घटनास्थल के आसपास मौजूद स्वतंत्र गवाहों से भी विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया, जिसके आधार पर आरोपी नरेश पैकरा को हिरासत में लिया गया।

गवाहों से पूछताछ पर संपूर्ण घटनाक्रम के संबंध में पता चला कि- आरोपी द्वारा मृतक को पंच चुनाव के दौरान उसे वोट नहीं देने, गांव में बड़ा बैगा बनता है, इस प्रकार की बातें बोलकर तथा पुरानी रंजीश पर से अश्लील गाली-गलौच करते हुए पास ही पड़े लकड़ी के डंडे से मृतक के सिर पर ताबड़तोड़ घातक वार कर दिया गया जिससे मृतक बेहोश होकर वहीं पर गिर गया, जिससे इलाज के दौरान जिला अस्पताल बलौदाबाजार में उसकी मृत्यु हो गई। संपूर्ण प्रकरण में आरोपी एवं घटना के संबंध में तथ्य पता चलने पर आरोपी नरेश पैकरा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा मृतक इतवारी राम पैकरा की हत्या करना स्वीकार किया गया तथा प्रकरण में यह बात भी सामने आई कि घटना के दौरान आसपास कुछ लोग भी उपस्थित थे, जिन्हें आरोपी द्वारा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया गया था, जिस कारण उक्त गवाहों द्वारा घटना की जानकारी के संबंध में पुलिस को अवगत नहीं कराया गया था। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 14.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मर्राकोना में

# विधायक इंद्र साव ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण,भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सिमगा 15 फरवरी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मर्राकोना मे सीसी रोड , किचन शेड सहित अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन एवं भूमिपूजन विधायक इंद्र साव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को मध्यान भोजन के समय हो रही परेशानी से अब उन्हें किचन शेड के निर्माण होने से बहुत राहत मिलेगी।उन्होंने हमेशा से महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए आगे आकर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है,अब किचन शेड के निर्माण से ना केवल बारिश से बचत होगी बल्कि उन्हें पर्याप्त मात्र में धूप से निजात मिलेगी।

विधायक श्री साव ने आगे कहा कि वे हमेशा से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के नव निर्माण और उन्नयन से गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित है और जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक शहर के विकास की परिकल्पना बेमानी है। श्री साव ने कहा कि वे जब से आप लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से विधायक बने है तब से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सक्रियता से कार्य कर रहे है और आप लोगों को विश्वास दिलाता हु कि आने वाले समय में और अधिक विकास कार्य आप लोगों के गांव में दिखाई देने लगेगा। इसके पूर्व गांव पहुंचने और कार्यक्रम स्थल पर विधायक श्री साव का ग्राम के सरपंच कुबेर यदु, पंचगण एवं ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। विधायक श्री साव ने भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात गांव में चल रहे श्रीमद भागवत कथा पंडाल पहुंच कर भागवत भगवान का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में खुशहाली और अमन चैन के लिए प्रार्थना की।श्री साव ने व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य श्री डोमेन्द्र शर्मा का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

### कार्यक्रम में शामिल

विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने अपने संबोधन में ग्राम वासियों को इस विकास कार्य के लिए बधाई दी।जनपद सदस्य श्रीमती जीत त्रिलोक कुर्रे ने भी कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन ग्राम सरपंच कुबेर यदु ने तथा संचालन उपसरपंच इनदरमन साहू ने किया । इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ,बिसौनी निषाद, अहिल्या मानिकपुरी, केवलदास मानिकपुरी, बुधियारिन निषाद, गुंजा निषाद, सुरेश निषाद, चंदा साहू, सविता निषाद, तिथि राम निषाद, हितेंद्र यदु, अकलतरा सरपंच बबलू यदु, मुसवाडीह सरपंच कमलेश यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## लीडर वह होता है जो लोगों को अपनी बात समझा सके

हाल में बच्चों ने पीएम से पूछा था कि आप इतने सालों से देश संभाल रहे हैं,देश के लीडर हैं,आप नई पीढ़ी से एक लीडर के रूप में कौन से गुण की अपेक्षा रखते हैं।पीएम मोदी ने बच्चों को सरल भाषा में बताया था कि लीडर का मतलब चुनाव लड़ना,पार्टी बनाना,पार्टी में जाना,लच्छेदार भाषण करना नहीं होता।लीडरशिप के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि आप लोगों को अपनी बात समझा सको।अपनी बात लोगों पर थोपनी नहीं है,समझानी है,आप अपनी बात लोगों को तब ही समझा सकते हो जब आप उस बात को अच्छे से समझते हों। यदि आप जो कह रहे हैं,वह आप ही नहीं समझते हैं तो लोगों को नहीं समझा सकते।आप किसी बात को समझते हैं तो ही लोगों को समझा सकते हैं। अपनी बात लोगों को समझाने के लिए भाषा का सरल होना जरूरी है। जब भाषा सरल नहीं होती है तो लीडर क्या कह रहा है यह जनता को समझ में नहीं आता है। कहने को तो राहुल गांधी कांग्रेस के सबसे बड़े लीड़र है, वह संसद में नेता प्रतिपक्ष भी हैं लेकिन पीएम मोदी के एक बार बच्चों को समझाने पर यह बात समझ में आ गई कि लीडर की भाषा ऐसी होनी चाहिए जो सरल हो और लोगों को समझ आ सके। राहुल गांधी के बारे में पता नहीं कितने लोगों ने कहा है कि उनकी भाषा ऐसी है कि वह क्या कहना चाहते हैं लोगों को समझ में नहीं आती है लेकिन न तो कांग्रेस नेता यह नेता मानते है कि राहुल गांधी की भाषा में कोई खराबी है और न ही राहुल गांधी को यह बात समझ में आती है वह लोगों से जो कुछ कहते हैं, वह लोगों को समझ में क्यों नहीं आता है। वह लोगों को अपनी बात समझा क्यों नहीं पाते हैं। इससे राहुल गांधी को नुकसान हो रहा है और कांग्रेस को भी राजनीतिक रूप से नुकसान हो रहा है। राहुल गांधी कहना कुछ चाहते हैं और कह कुछ और जाते हैं, इसके कारण कई बार उनके खिलाफ एफआईआर हो चुकी है,सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी है। राहुल गांधी ने पहले तो बजट सत्र में बजट पर कुछ कहने की जगह एक किताब की कुछ लाइने पढ़ने को अड़े रहे।इससे संसद में कुछ दिन तक हंगामा होता रहा।अब जब राहुल गांधी ने बजट व भारत अमरीका अंतरिम व्यापार समझौते पर कुछ कहा है तो उसे लेकर भी बवाल हो गया है क्योंकि वह फिर ऐसा बहुत कुछ कह गए हैं कि उसे उचित नहीं माना जा रहा है। अपनी बात को कहने के लिए उन्होंने जिन शब्दों का प्रयोग किया है,वह अपनी बात दूसरे शब्दों में कह सकते थे लेकिन कहा नही। उन्होंने कहा अंतरिम व्यापार समझौते में मोदी सरकार ने देश को बेच दिया है।भारत माता को बेच दिया है। अमरीका के सामने सरेंडर कर दिया है,यह बात तो वाकई तर्कसंगत नहीं है कि कोई देश को कैसे बेच सकता है, कोई भारत माता को कैसे बेच सकता है। इससे तो कई तरह के सवाल लोगों के मन में उठ सकते हैं.क्या देश सरकार की निजी संपत्ति है, क्या भारत माता किसी सरकार की निजी संपत्ति है। इसके बाद और भी सवाल पैदा होते हैं यदि किसी ने देश को बेच दिया है, भारत माता को बेच दिया है तो उसकी कीमत क्या है। बदले में कितने पैसे मिले हैं, देश व भारत माता को खरीदा किसने है। जो पैसा मिला है वह किसे दिया गया है।इन सारे सवालों के जबाब राहुल गांधी को देना चाहिए। यदि वह इन सवालों के जवाब नहीं देते हैं तो माना यही जाएगा कि राहुल गांधी ने झूठ कहा है सरकार ने देश को बेच दिया है, सरकार ने भारत माता को बेच दिया है।यह माना जाएगा कि राहुलगांधी जो कुछ कहना चाहते है, वह कह नहीं पाए हैं और जो कहा है वह गलत है, झूठ है। राहुल गांधी अक्सर जो कुछ कहते है वह झूठ व गलत माना जाता है तो इसलिए कि उनकी भाषा लोगों को समझ में नहीं आती है और वह अपनी बात को सही साबित करने के लिए कोई सबूत आज तक नही दे पाए हैं। राहुल गांधी कुछ कहते वक्त यह भूल जाते हैं कि वह जो कुछ कहने जा रहे है, वह कहेंगे तो कांग्रेस की बरसों सत्ता में रहने के दौरान हुई गलतियों को भी सामने लाया जाएगा और बताया जाएगा कि राहुल गांधी जो कह रहे हैं,वह काम तो कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए किया है।सेना अधिकारी की किताब के मामले में ऐसा हुआ.एक किताब के जवाब में कई किताबें सामने आ गईं।देश बेचने के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश को बताया कि विश्व व्यापार संगठन की २०१३ को बाली में हुई बैठक में कांग्रेस ने हस्ताक्षर कर सरेंडर किया था।इससे हुआ क्या था, देश में किसानों के अनाज की सरकारी खरीद नहीं हो पाती थी, गरीब लोगों को राशन दुकान से अनाज नहीं मिल पाता था।पीएम मोदी इस गलती को सुधारा तब आज किसानों के धान की खरीदी हो रही है तथा गरीबों को राशन दुकानों से अनाज मिल रहा है।

### महाशिवरात्रि

# महाशिवरात्रि में है बुराई को त्यागने का संदेश

डॉ .सूर्यकांत मिश्रा

बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद पाने के लिए किया जाने वाला महाशिवरात्रि का पर्व क्या केवल अन्य पर्वों की तरह ही महत्व रखता है ? यह प्रश्न उठना लाजिमी है । कारण यह कि अन्य देवताओं से पूरी तरह भिन्न आवरण रखने वाले बाबा भोले नाथ बड़ा ही साधारण जीवन चक्र प्रस्तुत करते हैं । महलों से दूर श्मशान में वास करने वाले शिवशंकर अपनी योग मुद्रा के लिए भी पर्वत को अपना आसन बना लेते हैं ! यदि यह कहा जाए कि संसार का संचालन करने वाले शिव जी के नाम से जानी जाने वाली महाशिवरात्रि एक त्यौहार ही नहीं वरन आत्म जागरण और चेतना के विस्तार की परम पावनी रात्रि है , तो गलत नहीं होगा । इस महान रात्रि में अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की अकाट्य शक्ति समाहित है । ज्ञान के प्रकाश को आत्मसात करने , ध्यान , उपवास और शिव स्मरण के माध्यम से मनुष्य आंतरिक शांति जैसी दुर्लभ शक्ति को प्राप्त कर सकता है । यह रात मनुष्य के जीवन में आंतरिक विकारों और नकारात्मकता को मिटाकर सकारात्मकता का बीजारोपण करने वाली मानी जाती है । इसी पर्व में रातभर पूजन का आध्यात्मिक अर्थ अज्ञान की नींद से जागरण का संदेश देता नजर आता है । भगवान भोलेनाथ जिन्हें हम संहारक कहकर पूजते हैं , वे ही हमारे भीतर बसे क्रोध , काम , मोह , लोभ जैसे विकारों का अंत करते हैं । रात के सन्नाटे में ध्यान केंद्रित करने से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होने लगता है ।

महाशिवरात्रि के पर्व पर रातभर जागरण कर पूजा - अर्चना करने की परंपरा की सच्चाई समझने के लिए वैज्ञानिक परीक्षण किया जाना भी संदर्भित है । ऐसे संदर्भ मिलते हैं कि महाशिवरात्रि की रात को पृथ्वी की ऊर्जा का प्रवाह ऊपर की ओर होता है । इस रात रीढ़ की हड्डी सीधी रखने से ऊर्जा , ध्यान और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने में मदद मिलती है । जब हम ध्यान अथवा योग मुद्रा में होते हैं , तब हमारा शारीर पूरा सीधा और उर्ध्वगामी होता है , जिससे हमारे शरीर , विशेष कर पीठ और गर्दन के दर्द में आराम का अनुभव होता है । वास्तव में देखा जाए तो महाशिवरात्रि स्वयं के भीतर शिवत्व को जगाने का कल्याणकारी पर्व है। इस पर्व का सबसे बड़ा संदेश नकारात्मकता को शिव में समाहित करने और प्रकाशमय तथा उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है । हमने अपने पूर्वजों से शिव पूजा का विधान जाना है । शास्त्रों में भी शिव पूजा का विधान अन्य देवी - देवताओं से अलग प्राप्त होता है । हमने जब से होश संभाला है - भगवान शिव की पूजा - उपासना और उन्हें प्रसन्न करने के लिए पूजन सामग्री को अलग रूप में देखा है । जंगली फूलों से लेकर उनमें लगने वाले फल आदि शिवशंकर को अर्पित करने का रिवाज चला आ रहा है ! ऐसा माना जाता है कि भगवान भोलेनाथ पर विकारों , विषय - वासनाओं एवं बुरी आदतों को अर्पित कर उनका अपने जीवन से त्याग कर देना चाहिए । महाशिवरात्रि पर्व पर शिव जी की बारात निकाला जाना इन दिनों लगभग सभी छोटे - बड़े शहरों में प्रचलन के रूप में सामने आ रहा है । शिवजी के भक्तों को यह जान लेना चाहिए कि शिवजी की बारात में देव - दानव , मनुष्य , प्रेत - पिशाच प्रतीकात्मक रूप में क्यों शामिल किए जाते हैं ? कहा जाता है कि इस तरह की बारात यह संदेश देती है कि भगवान भोलेनाथ प्राणियों से लेकर भूत - प्रेतों के बीच भी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करते । वे सभी को स्नेह और कल्याण की दृष्टि से ही निहारते हैं । महाशिवरात्रि के अवसर पर हम भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में निकाली गई जिस बारात का दर्शन करते हैं वह अपने आप में दिव्य हुआ करती है । अत्यंत ही अनोखे रूप में शोभायात्रा का दृश्य ऐसा आभास कराता है मानो कुछ घंटों के लिए मृत्युलोक शिवधाम में परिवर्तित हो गया हो । शिव पुराण का अध्ययन हमें यह जानकारी प्रदान करता है कि जब शिव जी विवाह के लिए प्रस्थान करने लगे तो उनके गणों ( भूत - प्रेत , यक्ष और गंधर्व ) ने भी बारात में शामिल होने की इच्छा प्रकट की । संसार के पालक भगवान विष्णु की सलाह पर ही भोलेनाथ ने उन्हें बारात में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की । इसके पीछे जो उद्देश्य छिपा था वह यही था कि भगवान के दरबार में सभी को सम्मान प्रदान किया जाता है । आज की चकाचौंध कर देने वाली वैवाहिक रस्में हमें महाशिवरात्रि के पर्व से मिलने वाले संदेश से कहीं दूर ले जा रही हैं । हमारा समाज दिखावे और धन - दौलत का प्रदर्शन कर खुद को संपन्नता के करीब बताना चाहता है ! शिव पुराण में आए कथानक हमें बताते हैं कि भगवान भोलेनाथ , जो स्वयं तीनों लोकों के स्वामी हैं , फिर भी उनके विवाह में किसी प्रकार का आडंबर या दिखावा रत्ती भर नहीं रहा है । खुद भोलेनाथ बैल पर सवार होकर अपने शरीर में भभूत लगाकर विवाह के लिए निकल पड़े ! उन्होंने न तो सोने के रथ की चाह रखी और न ही सजने - संवरने में समय गंवाया ! क्या यह कहने से मानवीय समाज परहेज कर सकता है कि शिव जी की बारात न केवल पौराणिक कथा है बल्कि यह एक गहन दार्शनिक संदेश देने वाली शोभायात्रा भी है । उनकी बारात में समाया सादगी भरा संदेश वर्तमान जगत के लिए प्रासंगिक है । महाशिवरात्रि पर निकाली जाने वाली बारात विविधता , समावेशिता , सामाजिक समानता और सभी से सच्चे प्रेम की प्रतीक है । वर्तमान समय में जब समाज में भेदभाव और असमानता की चुनौती हमें धिक्कार रही है , तब महाशिवरात्रि पर्व की शोभायात्रा हमें यह कहती प्रतीत होती है कि मनुष्य को सभी के प्रति समान प्रेम भाव को अपने हृदय में स्थान देना चाहिए । भगवान भोलेनाथ जहां विशाल कैलाश के स्वामी हैं वहीं उनकी आत्मा में तपस्वी और सहज देव वाले कोमल हृदय ने भक्तों को हमेशा स्नेह प्रदान किया है । यह भी सर्व विदित है कि माता पार्वती राजकन्या हैं ! बावजूद इसके उनके विवाह में भौतिक संपत्ति या सामाजिक स्थिति के लिए कोई स्थान नहीं था ! आज की उपभोक्तावादी दुनिया में जहां विवाह और रिश्ते प्रायः धन और बाहरी दिखावे पर आधारित हैं, महाशिवरात्रि का पर्व हमें सच्चे प्रेम और मानवीय मूल्यों को समझने के लिए प्रेरणा देता दिख रहा है । अपने मानवीय समाज को अधिक समतामूलक और सौहार्दपूर्ण बनाने में महाशिवरात्रि का संदेश बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है । जरूरत है भगवान भोलेनाथ की तरह सादगी को अपनाने की ।



## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं, साथ ही आपका स्थान परिवर्तन भी हो सकता हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जायेंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। आज आपको किसी मनचाही वस्तु मिलेगी जिससे आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। कुछ नये लोग आपसे जुडऩे की कोशिश कर सकते हैं। आज छात्रों का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। आज आपके घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है। माता के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं, लेकिन जल्द ही सब कुछ ठीक हो जायेगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

कन्या राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है 7 बच्चों की जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको काम करने के लिये कह सकता है, आप उनके काम में सहयोग करेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं। कामकाजी महिलाओं को अपने काम के लिये किसी संस्था से सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में किसी नये कार्य की शुरुआत हो सकती है। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिये प्रोत्साहन मिल सकता है। आज आपको धन लाभ होगा।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे। आज आपके घर मेहमान आयेंगे, जिससे आपको दिन भर के शेड्यूल में चेंजेस करने पड़ सकते हैं। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस करती हैं उनके लिए लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने अनुभव का सही इस्तेमाल करके किसी रुके काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज घर के जरूरी कार्यों को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग करेंगे। आज आप ऑनलाइन नया बिजनेस शुरू करने का प्लान बनायेंगे। आज आपको धैर्य से काम लेने की जरूरत है। मेडिकल की पढाई कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कुम्भ राशिः आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में बड़ी सफलता मिलाने के योग बने हुए है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिल सकता है। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है। आपका काम दूसरों को खुश कर सकता है।

मीन राशिःआज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसीकाम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। इस राशि की जो महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना चाहती है उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला हैं।

## सू- दोकू क्र.317

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.316 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य - 317


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 316 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | री |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

### शिक्षा

# विद्यार्थियों के लिए परीक्षा क्यों जरूरी..?

तमन्ना मतलानी



आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी जरूरत के रूप में अगर हम परीक्षा को देखें तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है। मनुष्य जीवन में हर एक मोड़ पर एक नई परीक्षा सामने आती रहती है। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जिसने परीक्षा का सामना न किया हो। आज हम सभी इस लेख के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए परीक्षा क्यों जरूरी है और विद्यार्थियों को परीक्षा के समय किन बातों को ध्यान में रखते हुए संयम बनाए रखना चाहिए, ऐसे सभी गंभीर प्रश्नों के हल कैसे करना है? इस विषय को समझने का प्रयास करेंगे। पढ़ाई करने वाले बच्चों के जीवन में तो साल में कई बार परीक्षा देने का अवसर आता है। कुछ बच्चे परीक्षा फोबिया नाम की बीमारी से घिर जाते हैं। कई बार देखने में आता है कि परीक्षा के समय बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। यह सब परीक्षा फोबिया के कारण होता है।

बड़े-बड़े दार्शनिक और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग इस बात को समझते हुए बच्चों के मन से परीक्षा का भय दूर करने के लिए समाचार पत्रों में लेख लिखते हैं, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास करते रहते हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री जी भी पिछले कुछ वर्षों से परीक्षा के समय टीवी चैनलों के माध्यम से ''परीक्षा पर चर्चा'' कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को परीक्षा फोबिया से मुक्त कराना और साथ ही बच्चों को सफलता का मंत्र देना है। परीक्षा फोबिया बच्चों के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इसे सभी के निरंतर प्रयासों से दूर किया जा सकता है।

मैं स्वयं भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई हूँ। मेरा व्यक्तिगत रूप से ऐसा मनना है कि बच्चों को परीक्षा के डर से बाहर निकालकर हर परीक्षा को सफलता के एक सुंदर अवसर के रूप में देखना चाहिए। बच्चों के मन में बैठे डर के कई कारण हो सकते हैं। कुछ बच्चे असफलता के डर से घबराते हैं, तो कुछ को माता-पिता की अपेक्षाएँ पूरी न कर पाने का भय रहता है। जो बच्चे परीक्षा को डर के रूप में देखते हैं, उन्हें मन में हमेशा यह विश्वास रखना चाहिए कि परीक्षा के बिना जीवन में आगे बढ़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। परीक्षा से ही हमारे सुंदर भविष्य का निर्माण संभव है। अपने भविष्य को बेहतर बनाने का परीक्षा से बढ़कर कोई और मार्ग नहीं है।

मैंने शिक्षिका के रूप में कार्य करते हुए कई ऐसे बच्चों को भी देखा है जिनमें कला और कौशल की कोई कमी नहीं होती, फिर भी वे परीक्षा फोबिया से बाहर नहीं निकल पाते। कुछ बच्चे अपने पढ़ाई के समय का सही नियोजन (टाइम मैनेजमेंट) नहीं कर पाते, जिसके कारण उनकी पढ़ाई सही ढंग से नहीं हो पाती और वे परीक्षा के समय घबराहट महसूस करते हैं और परीक्षा के समय सहज नहीं रह पाते है।

विद्यार्थी जीवन में आत्मविश्वास होना बहुत जरूरी है। जब तक आपके मन में स्वयं के प्रति विश्वास नहीं होगा आप कोई भी परीक्षा को सहज नहीं ले पाएंगे। आत्मविश्वास की कमी के कारण भी बच्चे परीक्षा फोबिया का शिकार हो जाते हैं। किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने का सबसे सरल साधन आत्मविश्वास है। ''हाँ, मैं यह कर सकता हूँ'' — बच्चों को हमेशा इसी गुरू मंत्र का जाप करते रहना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में नियमित पढ़ाई का बहुत बड़ा महत्व है। जो बच्चा नियमित रूप से पढ़ाई नहीं करता, उसे खुद पर भी भरोसा नहीं रहता। इसके अतिरिक्त टाइम टेबल का भी विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व है; टाइम टेबल के बिना पढ़ाई अधूरी है। परीक्षा स्वयं को परखने का एक सुंदर अवसर है। परीक्षा से हमारे वास्तविक ज्ञान की जाँच होती है। हर परीक्षा हमें यह सिखाती है कि हमने क्या सीखा है, क्या सीखना बाकी है और हमें अपने अंदर कितना सुधार करना है। जीवन में हर चुनौती का सामना करने की तैयारी के लिए परीक्षाओं का होना आवश्यक है। जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए परीक्षाएँ हमें मानसिक रूप से तैयार करती हैं और अंदर से मजबूत बनाती हैं। इसके अलावा जीवन में संघर्ष करना भी परीक्षाएँ ही सिखाती हैं। परीक्षाएँ हमें मेहनत करना और अपने लक्ष्य को हासिल करने का साहस देती हैं।

अपने जीवन में आने वाली हर कठिनाई का सामना करने से व्यक्ति के अंदर आत्मनिर्भर बनने के गुण विकसित होते हैं। इन्हीं गुणों के कारण व्यक्ति किसी भी समस्या का समाधान करने में सक्षम बनता है। परीक्षा को डर के रूप में देखना एक गलत आदत है। परीक्षा एक ऐसा सुंदर अवसर है जो हमें सीखने, पढ़ने और स्वयं में सुधार कर आगे बढ़ने में सहायता करता है।

अंत में मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूँगी कि जीवन की किसी भी परीक्षा को हमेशा सकारात्मक रूप से देखना चाहिए। बच्चों को भी परीक्षा फोबिया से बाहर निकलकर परीक्षा को केवल आत्ममूल्यांकन का एक माध्यम समझना चाहिए। माता-पिता को भी अपने बच्चों की क्षमताओं के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और अत्यधिक अपेक्षाएँ रखकर बच्चों को परीक्षा फोबिया का शिकार नहीं बनाना चाहिए। यदि बच्चे सही तैयारी करें, तो परीक्षा उनके जीवन में आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है।



आइये, हम अपने बच्चों के अंदर परीक्षा को एक उत्सव के रूप में देखने का जज्बा भरें। अपने बच्चों को परीक्षा से डराने के बजाय उनके मन में आत्मविश्वास भरें और जीवन की हर कठिनाई का सामना करना सिखाएँ। फिर देखिएगा कि हमारे बच्चे कैसे सफलता प्राप्त कर अपने मनचाहे लक्ष्य को हासिल करते हैं...

**एक नजर**

### नल कनेक्शन के पाइपलाइन फूटने से बाल सुधार गृह में पानी की बढ़ी किल्लत



**दंतेवाड़ा 15 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दंतेवाड़ा नगर पालिका की सुस्त कार्यप्रणाली से यहां के नगरवासी खासे परेशान हैं कोई भी समस्या आती है तो उसे ठीक करने में अनावश्यक देरी कर आम जनता को परेशान किया जाता है। नगर पालिका सीएमओ पालदास की लचर एवं अकर्मण्यतापूर्ण क्रियाकलापों के चलते नगर के लोगों की दिक्कतें दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इंडोर स्टेडियम में फूटी पाइपलाइन को बनाने में महिनों लगा दिए। मीडिया में खबर प्रकाशन होने के बाद कुंभकरणी नींद से जागकर क्षतिग्रस्त पाइप को ठीक किया गया था। वहीं अब नल की पाइप फूटने का एक और मामला जीएडी कालोनी से सामने आया है। बताया जा रहा है कि यहां बाल सुधार गृह का पाइपलाइन कनेक्शन टूट गया है जिससे बीते 4 दिनों से बाल सुधार गृह में पानी की सप्लाई बंद है। जिसके चलते वहां बच्चों के लिए भोजन पानी की भारी समस्या खड़ी हो गई है। टूटे हुए पाइप से प्रतिदिन सुबह शाम सैकड़ों लीटर पानी बाहर सड़कों पर बह रहा है। पास में ही पालिका की पानी टंकी भी है। वहां के कर्मचारी टूटी हुई पाइपलाइन को देख रहे हैं बावजूद पाइपलाइन को सुधारने की दिशा में कोई काम नहीं किया जा रहा। नगर पालिका के जल नल प्रभारी से पुछने पर बताया कि हां कनेक्शन पाइप टूटा है उसे कल तक ठीक कर लिया जाएगा। सवाल यह कि इस टाइप की जब समस्या आती है तो पालिका में इसके लिए पूरा एक टेक्निकल टीम मौजुद है जो हैंडपंपों से लेकर पाइपलाइन की मरम्मत कार्य करता है। सारा अमला स्टाफ एवं संसाधन होने के बावजूद भी टूट फूट हुए पाइप लाइनों को शीघ्र क्यों नहीं ठीक किया जाता? जब तक मामले को मीडिया में उठाया न जाए पालिका प्रशासन की आंखें खुलती ही नहीं। आखिर अनावश्यक देरी कर आमजनों को पानी जैसी मूलभूत आवश्ययकता से क्यों वंचित रखा जाता है? इसका जवाब पालिका के सीएमओ एवं वहां चुनकर बैठे जनप्रतितनिधियों को देना चाहिए।

### जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र में 18 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 15 फरवरी।** कार्यालय जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र से जारी विज्ञप्ति अनुसार 18 फरवरी 2026 दिन बुधवार को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु स्काई ऑटोमोबाइल मारुति नेक्सा में टेक्नीशियन 02, रिलेशनशिप मेनेजर 13, पदों की रिक्तियां प्राप्त हुई है। इस संबंध में इच्छुक आवेदक, आवेदिका निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति, जीवित रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ बायोडाटा (रिज्यूम) सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

### ग्रामीण, नगरीय एवं संस्थागत पंजीयन इकाइयों के रजिस्ट्रारों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**धमतरी,15 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) 27 जनवरी 2026 को प्रकाशित अधिसूचना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2026 प्रकाशन दिनांक से प्रवृत्त है। जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2026 में किए गए संशोधनों जैसे-शुल्क संरचना में परिवर्तन कर सभी मदों में न्यूनतम 10 गुना वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2026 में किए गए संशोधनों तथा ऑनलाईन पंजीयन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए सभी विकासखण्डों में ग्रामीण, नगरीय एवं संस्थागत पंजीयन इकाईयों के रजिस्ट्रारों को 12 फरवरी 2026 से 26 फरवरी 2026 तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# देवस्थान श्री राघव मंदिर में महाशिवरात्रि पर महादेव सहित देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 15 फरवरी।** लोह नगरी के रूप में प्रसिद्ध इस क्षेत्र में स्थित श्री राघव मंदिर का इतिहास अत्यंत गौरवपूर्ण और आध्यात्मिक महत्व से परिपूर्ण है। मंदिर स्थापना की यह परंपरा आज भी श्रद्धा और भक्ति के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है।

**मुख्य बिन्दु :** 27 मार्च 1969 (चैत्र शुक्ल रामनवमी) को शुभ मुहूर्त में भूमि पूजन व शिलान्यास श्रद्धालुओं एवं एनएमडीसी परियोजना के सहयोग से 1972 में मंदिर स्थापना मंदिर स्थापना के 53 वर्ष पूर्ण, क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र महाशिवरात्रि पर भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और धार्मिक अनुष्ठान 12 फरवरी से 16 फरवरी तक वैदिक मंत्रोच्चार, हवन, भजन व भंडारा इतिहासः आस्था और सहयोग की




अनूठी मिसाल देवस्थान श्री राघव मंदिर की नींव 27 मार्च 1969 को चैत्र शुक्ल श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर रखी गई थी। इसके पश्चात नगर के श्रद्धालु भक्तों तथा एनएमडीसी परियोजना के सहयोग से तीन वर्षों में मंदिर निर्माण पूर्ण हुआ और वर्ष 1972 में विधिवत स्थापना की गई। आज मंदिर को स्थापित हुए 53 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और यह स्थान क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित है।

**महाशिवरात्रि पर विशेष धार्मिक आयोजन :** देवस्थान समिति के सचिव ए. के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर में वर्षभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, परंतु इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व विशेष रूप से भव्य रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर शिव मंदिर में भगवान श्री लिंगेश्वर महादेव के परिवार सहित देव विग्रहों की भव्य प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। साथ ही आदिशक्ति मां काली का अभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना भी आयोजित की जा रही है।

12 से 16 फरवरी तक धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखलाः यह पावन अनुष्ठान 12 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा एवं अभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना, पाठ एवं हवन, महाआरती, संगीतमय भजन संध्या, श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारा का आयोजन किया जा रहा है।

**आस्था का केंद्र, समाज की पहचानः** श्री राघव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि बैलाडीला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी बन चुका है। यहां आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण और सामाजिक एकता दोनों मजबूत होते हैं।

# डाइट नगरी में किए गए आत्मीय स्वागत से छात्र,अध्यापक गदगद

**नगरी (सिहावा) 15 फरवरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, नगरी जिला धमतरी में आज शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर (बी, एड,) कॉलेज के अध्यापकगण एवं छात्राध्यापक शैक्षणिक भ्रमण हेतु डाइट नगरी एवं सिहावा के ऐतिहासिक स्थलों को देखने के लिय पधारे। इस अवसर पर संस्थान परिवार द्वारा उनका आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत संस्था के प्राचार्य प्रकाश राय उप प्राचार्य एन. आर. साहू एवं संस्था के सभी सदस्य एवं डी.एड प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक भ्रमण में श्री के दास सहायक अध्यापक, श्रीमति सपना शुक्ला सहायक प्राध्यापक, श्री मोहित वर्मा सहायक प्राध्यापक, श्री यमुना सहनी व्याख्याता,संतोष वर्मा व्याख्याता,श्री मती सपना शुक्ला व्याख्याता एवं डॉ. लता मिश्रा कार्यक्रम प्रभारी के साथ 160 छात्राध्यापको की टीम का डाइट नगरी में आगमन हुआ सर्वप्रथम अतिथियों एवं संस्था प्रमुख द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सरस्वती वंदना द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक निधि कोर्राम एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया सभी अतिथियों का स्वागत किया गया स्वागत गीत द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक छाया देवांगन छाया भंडारी एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया द्य संस्था प्रमुख प्रकाश



राय द्वारा अतिथि स्वागत अभिनन्दन एवं स्वागत भाषण में संस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि डाइट नगरी की स्थापना 1961 में (बी.टी.आई.) के रूप में हुई तथा 1963 64 में भोपाल पटनम में स्थानांतरित किया गया था द्य कालांतर में यह संस्था पुनः नगरी में संचालित हुई तथा सन 2005 में यह संस्था डाइट के रूप में उन्नत हुई संस्था प्रमुख द्वारा सिहावा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, पौराणिक स्थिति, ऐतिहासिक स्थिति, राजनीतिक स्थिति, सामाजिक और औद्योगिक स्थिति से परिचय कराया शैक्षिक कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक पीतांबर वर्मा द्वारा डाइट नगरी में प्रतिदिन होने वाली शैक्षिक गतिविधियों के बारे में बताया गया द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक कु.सानिया योगी द्वारा पूरे वर्ष भर में चलने वाली शैक्षिक गतिविधियों के बारे में बताया गया फिर प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक डॉलेश्वरी साहू रागिनी सिंह एवं साथियों की रंगा -रंग सांस्कृतिक सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी द्य शैक्षिक भ्रमण में उपस्थिति योगेश यदु बी.एड.कोलाज रायपुर के छात्राध्यापक द्वारा शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में संचालित प्रतिदिवस एवं पूरे सत्र भर संचालित शैक्षिक गतिविधियों के बारे में बताया गया जिसका लाभ डाइट नगरी के सभी छात्रध्यापको ने लिया साथ ही शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर के छात्राध्यापको द्वारा पूरे वाद्ययंत्रों के साथ सामूहिक गान की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बना दिया साथ ही गतिविधियों, नवाचारों एवं प्रशिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। पूरे शैक्षणिक भ्रमण के दौरान पारंपरिक व्यंजन पान-रोटी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। लगभग 200 से अधिक प्राध्यापकों, प्रशिक्षणार्थियों एवं उपस्थितजनों ने पान-रोटी का स्वाद लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों द्वारा पान-रोटी की विशेष चर्चा की गई और इसकी सराहना की गई।

पान-रोटी की व्यवस्था साहू दंपत्ति श्री तुमनचंद साहू एवं श्रीमती रंजिता साहू के सौजन्य से की गई। शिक्षिका श्रीमती रंजिता साहू द्वारा डाइट नगरी के प्रशिक्षणार्थी अध्यापक-अध्यापकों को पान-रोटी बनाने की व्यवहारिक विधि सिखाई गई। प्रशिक्षण के दौरान तैयार पान-रोटियाँ ही आगंतुक महाविद्यालय के प्राध्यापकों , छात्राध्यापकों को परोसी गईं। इस प्रकार एक ही पहल से प्रशिक्षण, जागरूकता और आतिथ्य–तीनों उद्देश्य सफल हुए।

इसी क्रम में श्री तुमनचंद साहू द्वारा पान-रोटी के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पान-रोटी न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है, क्योंकि इसमें स्थानीय एवं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होता है। साथ ही पान-रोटी हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने का सशक्त माध्यम है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का प्रभावी साधन भी बन सकती है। साथ ही साहू दंपत्ति द्वारा जैविक खेती की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें गुल्लक अवधारणा के अंतर्गत गुल्लक मॉडल, नदियों की वर्णमाला, गणित वर्णमाला चार्ट एवं अन्य नवाचारी शैक्षिक सामग्री का प्रदर्शन किया गया।

**नालियों पर ठेले रखवाने के कृत्य की कांग्रेस ने की घोर निन्दा**

## नगर विकास में बाधक बन नपा अध्यक्ष अटका रही है रोड़ाः सुमित्रा सोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 15 फरवरी।** नपा का नाली विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। नाली पर ठेला लगवाने की नपा अध्यक्ष की हठधर्मिता पर अब तक खामोशी बैठी मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस भी पालिका प्रशासन पर हमलावर हो गई है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा सोरी ने इस मुदद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ते कहा है कि नगर पालिका में वर्तमान में जो हालात बने हुए वो काफी चिंताजनक है। जनता का काम करना छोड़ पालिका के चुने हुए जनप्रतिनिधि व्यवस्था को ठीक करने के बजाए उसे खराब करने में लगे हुए हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। हाल ही में नपा उपाध्यक्ष द्वारा जिस तरह से चौक पर स्थित एक सार्वजनिक शौचालय को बगैर किसी से पुछे जेसीबी लगाकर ढहा दिया गया उसका नगर में भारी विरोध हो रहा है एक विवाद थमा नहीं की दुसरा विवाद पालिका के जनप्रतिनिधियों ने खड़ा कर दिया। नपा के जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी नगर के विकास की होती है। नालियों की सफाई, शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना एवं अतिक्रमण को रोकना पालिका प्रशासन का मुख्य कार्य होता है। मगर दंतेवाड़ा पालिका में तो कुछ उल्टी ही गंगा बह रही है। यहां जिस तरह से नपा अध्यक्ष द्वारा रोड पर खड़े होकर नालियों पर अतिक्रमण कर जबरन ठेला रखवाया गया यह यह कृत्य नियम विरूद्ध तो है ही शर्मनाक भी है। नपा दंतेवाड़ा में आज से पहले इस तरह के हालात कभी नहीं बने थे। ऐसे कृत्यों से नगर की छवि लगातार खराब हो रही है। सीएमओ ने जब नोटिस देकर नाली से अतिक्रमण हटवाया दिया था तो फिर किस अधिकार से उक्त ठेले को दुबारा से लाकर नाली पर रखा गया? क्या अध्यक्ष अतिक्रमण का समर्थन करती है? इस तरह के हालात से यह मालुम पड़ता है कि पालिका में सीएमओ की नहीं नपा अध्यक्ष/उपाध्यक्ष की तानाशाही चल रही है। श्रीमती सोरी ने आगे कहा कि इनका अहंकार इस कदर बढ़ गई है कि अब नगर समस्या की शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता पर ही उल्टे आरोप लगाकर उसकी शिकायत कलेक्टर से की जा रही है । श्रीमती सोरी ने कहा कि अगर नगर का विकास नहीं कर सकते तो इसमें रोड़ा भी मत अटकाओ। नगर की जनता ने बड़ी उम्मीद से जीताकर भेजा है तो जनता के हित में, नगर के विकास में साधक बनो, बाधक नहीं।

# स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने कलेक्टर ने किया सीएचसी, एमसीएच व ड्रग वेयरहाउस का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 15 फरवरी।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ड्रग वेयर हाउस, गीदम) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं, साफ-सफाई एवं उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सर्वप्रथम कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फिजियोथेरेपी कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, डॉट्स प्रयोगशाला, स्टोर रूम, चिकित्सक कक्ष, दंत चिकित्सा कक्ष, लैब टेस्ट कक्ष, ईसीटीसी, सैंपल संग्रह कक्ष, ड्रेसिंग रूम सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, वार्डों की स्वच्छता, शौचालयों की स्थिति, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, दवाइयों एवं चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता तथा अभिलेख संधारण की स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासकीय कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र (आईडी कार्ड) की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को संबंधित कर्मियों की पहचान में आसानी हो। साथ ही अस्पताल की समस्त कागजी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टोर रूम में उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक की जानकारी ली तथा दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को प्रत्येक 10 दिवस में स्वास्थ्य संस्थानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। लैब टेक्नीशियन को मरीजों की जांच पूरी गंभीरता एवं सावधानी से करने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही सीएमएचओ को कर्मचारियों की छुट्टियों की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं नर्सिंग स्टेशन में ड्यूटी रोस्टर की जानकारी लेकर व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने सीएमएचओ को संबंधित एसडीएम के साथ जीडीएस की बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक छोटे-छोटे मरम्मत कार्य शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए, ताकि भवन एवं आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। साथ ही ईसीटीसी कक्ष के प्रभारी तकनीशियन की लापरवाही पर कलेक्टर ने उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जनरल वार्ड का भी अवलोकन किया तथा भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एक मरीज से बातचीत कर उसकी स्थिति पूछी। मरीज ने बताया कि वह कटुलनार से उपचार हेतु आया है। कलेक्टर ने मरीजों को बेहतर इलाज एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने सोनोग्राफी कक्ष, मातृ एवं शिशु वार्ड, प्रसव कक्ष सहित अन्य आवश्यक कक्षों का अवलोकन किया और साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वार्ड में भर्ती कासोली निवासी महेश नेताम की पुत्री सुनीता नेताम के उपचार एवं देखरेख की जानकारी चिकित्सकों से ली तथा परिजनों से चर्चा कर उपचार की गुणवत्ता और सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

### सिकल सेल मरीजों के लिए विशेष दवाई वितरण 16 से

**रायपुर 15 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिकल सेल मरीजों के लिए विशेष दवाई वितरण, जाँच एवं न्यूमोकोकल टीकाकरण शिविर का आयोजन 16 से 23 फरवरी तक बाल्य एवं शिशु रोग विभाग की ओपीडी में रायपुर, 13 फरवरी 2026. पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के बाल्य एवं शिशु रोग विभाग द्वारा सिकल सेल रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष दवाई वितरण, आवश्यक जाँच तथा न्यूमोकोकल वैक्सीनेशन हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 16 फरवरी 2026 से 23 फरवरी 2026 तक विभाग के नियमित ओपीडी समयावधि में आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान सिकल सेल रोगियों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा तथा आवश्यक स्वास्थ्य जाँच भी की जाएगी। साथ ही संक्रमण से बचाव के लिए न्यूमोकोकल वैक्सीन भी लगाई जाएगी, जो सिकल सेल से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जाती है। विशेषज्ञ

## बस्सी लावा में पहली बार पहुंचने वाले विधायक बने अटामी



■ **70 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त : बस्सी लावा में विकास कार्यों का शुभारंभ**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 फरवरी।** बैलाडीला की दुर्गम पहाड़ियों के बीच बसे जिले के सबसे दूरस्थ गांव बस्सी लावा तक मीलों पैदल चलकर पहुंचे दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी को देखकर ग्रामीणों की आंखें छलक आई। नक्सली दहशत के चलते आजादी के 7 दशक बाद भी इस इलाके में कोई जनप्रतिनिधि नहीं पहुंच सके थे, वहां

आखिरकार विधायक अटामी के रूप में विकास की किरण पहुंची। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने गांव का दौरा कर आंगनवाड़ी भवन, प्राथमिक स्कूल एवं स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। आजादी के सात दशक बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित इस गांव में पहली बार शिक्षा और स्वास्थ्य ढांचे की नींव रखी गई।

विधायक अटामी अपने साथ ग्रामीणों के लिए उपहार भी लेकर गए थे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और बस्सी लावा को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को गंजी, बर्तन, कपड़े सहित दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित कर त्वरित राहत भी प्रदान की।

इस प्रवास के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गावड़े एवं पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर भी उनके साथ थे। जनप्रतिनिधियों के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और वर्षों पुरानी मांगों के पूरा होने पर खुशी जताई।

खुले संभावनाओं के द्वार

बस्सी लावा में शुरू हुए इन कार्यों से क्षेत्र में शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की नई संभावनाएं खुलेंगी, जिससे ग्रामीणों को अब बुनियादी सुविधाओं के लिए दूर-दराज के इलाकों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

**सिर्फ फोर्स ही पहुंच सकती थी:**बस्सी लावा के नाम से मशहूर दुर्गम बसाहट लोहा गांव तक पहुंचना इतना आसान भी नहीं था। इसके लिए विधायक अटामी व उनके साथियों को मीलों पैदल चलकर पहाड़ी रास्ते मे चढाई व ढलान से होकर गुजरना पड़ा। धुर नक्सल प्रभावित इलाका होने की वजह से अब तक एन्टी नक्सल ऑपरेशन में निकली फोर्स के जवान ही नक्सलियों की तलाश में कभी-कभी पहुंचते थे। सुरक्षागत कारणों से जनप्रतिनिधि यहां पहुंचने की कल्पना भी नहीं कर पाते थे। हालिया नक्सल सरेंडर और बड़े नक्सलियों के मारे जाने के बाद इस इलाके में नक्सलवाद का असर कुछ कम हुआ है।

**एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के वार्षिकोत्सव में**

# सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित किए

**बचेली 15 फरवरी।** एनएमडीसी डीएवी आईटीआई, भांसी में वार्षिक उत्सव, पुरस्कार वितरण एवं उपलब्धि सम्मान समारोह-2026 गरिमामय वातावरण में दिनांक- 14-02-2026, दिन- शनिवार को श्री श्रीधर कोडाली, परियोजना प्रमुख, एनएमडीसी बीआईओएम बचेली काम्प्लेक्स के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री टी शिवा कुमार , मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), एनएमडीसी बीआईओएम बचेली काम्प्लेक्स तथा श्री एच के पाठक प्राचार्य, डीएवी पब्लिक स्कूल, बचेली उपस्थित रहे।




संस्था के प्राचार्य श्री कमलेश साहू ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का आत्मीय स्वागत हरित गमले के द्वारा किया द्य अपने स्वागत उद्बोधन उन्होंने संस्था की शैक्षणिक, प्लेसमेंट एवं खेलकूद की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की विगत दो वर्षो से लगातार आईटीआई भांसी के छात्रों ने राज्य स्तर पर अपना परचम लहराया है साथ ही संस्था के भूतपूर्व छात्र डोगेन्द्र ने आल इंडिया सीआईटीएस की परीक्षा में मैकेनिक डीजल ट्रेड से प्रथम स्थान प्राप्त कर दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर दंतेवाड़ा क्षेत्र एवं संस्था का मान बढाया है द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्रीधर कोडली ने अपने संबोधन में संस्था के राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों की सराहना की तथा सभी छात्रों एवं स्टाफ को इसके लिए बधाई दिए।उन्होंने कहा कि एनएमडीसी द्वारा संस्था के अधोसंरचना एवं वर्कशॉप के आधुनिकीकरण के लिए हरसंभव मदद किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा छात्र डोगेन्द्र, आल इंडिया सीआईटीएस परीक्षा में मैकेनिक डीजल ट्रेड से प्रथम स्थान प्राप्त, राहुल कुंजाम मैकेनिक डीजल ट्रेड में छग में प्रथम रैंक, के. कंचन वेल्डर ट्रेड में छग में तीसरा रैंक, चितरंजन मैकेनिक डीजल ट्रेड में छग में आठवां रैंक तथा इंडिया स्किल्स कंपटीशन 2025 में छग राज्य में टॉप करने पर अनिरुद्ध कुमार और देव कुमार साहू को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ी एवं आदिवासी नृत्य , बॉलीवुड 90 के दशक के गीतों पर आधारित डांस, दक्षिण भारतीय नृत्य,

हास्य नाटक तथा रैप एवं बीट बॉक्सिंग (तालवाद्य) प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। कार्यक्रम के अन्त में मिश्रित गीतों पर समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गयी द्य

विशिष्ट अतिथि श्री टी शिवा कुमार के करकमलों से भी संस्था में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह ङ्क 2025 और वोटर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता , चित्रकला प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। संस्था के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ङ्क 2026 के विजेताओं को भी इस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम का संचालन संस्था के छात्रों एवं शिक्षक सत्यम कुमार सिंह एवं डेहल राम निषाद तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक सतीश कुमार शेंडे द्वारा किया गया।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब, हर-हर महादेव के गूंजे नारे









**रायपुर, 15 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार की सुबह से ही छत्तीसगढ़ समेत देशभर के शिवालयों में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा है. प्रदेश के अलग-अलग शिव मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ पहुंच रही है. मंदिरों में हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयघोष लगातार गूंज रहे हैं.

### हटकेश्वर नाथ मंदिर में सुबह से उमड़े श्रध्दालु

राजधानी रायपुर के खारुन नदी तट पर स्थित हटकेश्वर नाथ मंदिर में सावन हो या महाशिवत्रात्रि का अवसर, दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुचंते हैं. 15 फरवरी को भी लगभग 4 बजे से भक्तों की कतार लग गई. सभी लोग जल और बेलपत्र लेकर मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं और हर-हर महादेव के नारे लगा रहे हैं.

### कवर्धा के भोरमदेव मंदिर में रही श्रद्धालुओं की भीड़

छत्तीसगढ़ के खजुराहो के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालु व्रत रखकर बेलपत्र, धतूरा और गंगाजल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

### कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु

महाशिवरात्रि पर छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले राजिम में विश्व प्रशिद्ध बाबा कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में सुबह 3 बजे से भक्तों का तांता लगा रहता है. मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक पूजा अर्चना किया जा रहा है. बता दें कि वनवास काल के समय माता सीता ने अपने हाथों से त्रिवेणी संगम में शिवलिंग का निर्माण की है. वहीं 15 दिनों तक चलने वाले राजिम कुम्भ कल्प का अंतिम दिन समापन हो जागेगा, महाशिवरात्रि पर लाखों की संख्या श्रद्धालु और बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी पहुंचे है.

### भूतेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह

आस्था, उत्साह और उमंग के पर्व महाशिवरात्रि पर स्वयंभू शिवलिंग भगवान भूतेश्वरनाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला जारी है. यह क्षेत्र गिरी (पर्वत) और जंगलों से घिरे होने के चलते पहले इसे गिरिवन कहलाता था, जो अब कालांतर में गरियाबंद के नाम से जाना जाता है. जिसके ग्राम मरोदा के सुरम्य जंगलों में शांत रूप में भगवान भूतेश्वरनाथ की विशाल शिवलिंग स्थित है, जिसे विश्व के विशालतम स्वयंभू शिवलिंग कहा जाता है. बताया जाता है कि इस शिवलिंग की ऊंचाई 72 फीट और गोलाई 210 फिट है. महाशिवरात्रि पर्व पर यहां समिति और प्रशासन की ओर से सुरक्षा की चाकङ्कचौबंध व्यवस्था की गई है. सुबह से ही श्रद्धालु भगवान भूतेश्वरनाथ महादेव के दर्शन, पूजन और जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं, जो कि पूरे दिनभर जारी रहेगा.

### इस मंदिर में है सवा लाख चावल दाना चढ़ाने की विशेष परंपरा

छत्तीसगढ़ के काशी खरौद (जांजगीर चांपा) में आस्था का महासंगम देखने को मिल रहा है. लक्ष्मणेश्वर मंदिर मे देर रात से भक्तों की लंबी कतार लगी है. श्रद्धालु सवा लाख छिद्रों वाले शिव लिंग पर भक्त जल और दूध अर्पित कर रहे हैं.

यहां शिवलिंग पर सवा लाख चावल के दाने अर्पित करने की विशेष परंपरा है. मान्यता है कि लक्ष्मणेश्वर शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है.

## एक नजर

### आहूजा ने सिंग चावला को गुलदस्ता भेंट कर दी बधाई



**रायपुर, 15 फरवरी।** 13 फरवरी को सर्व सम्मति से इंद्रजीत सिंग छाबड़ा को प्रधान (अध्यक्ष) व कुलदीप सिंग चावला को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया नाहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने दोनों को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है इस चुनाव से समाज में बहुत अच्छा मैसेज गया है। रमेश आहूजा ने कुलदीप सिंग चावला को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

### पहली बार पांचवी व आठवीं की बोर्ड परीक्षा दे रहे बच्चों के लिए जैन संवेदना ट्रस्ट की मोटिवेशनल कार्यशाला16 को

**रायपुर, 15 फरवरी।** कैसी हो बच्चों की भयमुक्त परीक्षा की तैयारी नए नियमों के अनुसार



प्राइवेट स्कूल में पांचवी व आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस सत्र में बच्चे पहली बार पांचवी व आठवीं की बोर्ड परीक्षा देंगे। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर ने बताया कि छात्र छात्राओं पर बोर्ड परीक्षा का अलग ही प्रेशर होता है। बच्चों को बोर्ड परीक्षा की बिना प्रेशर तैयारी करने के लिए मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा की कार्यशाला का आयोजन आदिश्वर जैन उच्चतर माध्यमिक शाला व वर्धमान इंगलिश मीडियम स्कूल में सोमवार 16 फरवरी को किया गया है। विजय चोपड़ा द्वारा बच्चों को भयमुक्त परीक्षा की तैयारियों के लिये टिप्स दी जाएगी।

### प्लास्टिक बोतलों में शराब बिक्री के खिलाफ एनजीटी और पर्यावरण संरक्षण मंडल पहुंचे कन्हैया

## सरकार के फैसले पर तत्काल रोक की मांग की

**नवा रायपुर, 15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश सरकार द्वारा प्लास्टिक की बोतलों में शराब बेचने के निर्णय के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इस जनविरोधी और पर्यावरण विरोधी नीति के खिलाफ अग्रवाल ने नवा रायपुर स्थित 'पर्यावास भवन' पहुंचकर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा। साथ ही, उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (ङ्गत्नञ्ज), भोपाल जोन को ईमेल और डाक के माध्यम से औपचारिक शिकायत भेजकर इस आत्मघाती निर्णय पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।



उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और प्रकृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण मंडल और एनजीटी को भेजी गई अपनी शिकायत में कन्हैया अग्रवाल ने वैज्ञानिक तथ्यों का हवाला देते हुए बताया कि प्लास्टिक (क्क्षञ्ज) बोतलों में शराब का भंडारण करने से घातक रसायनों का मिश्रण होता है, जो कैंसर और लिवर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने कहा, ÷सरकार केवल राजस्व की बचत के लिए करोड़ों प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को दांव पर लगा रही है। करोड़ों की संख्या में प्लास्टिक कचरा छत्तीसगढ़ की नदियों, नालों और उपजाऊ भूमि को स्थायी रूप से बर्बाद कर देगा।

सॉफ्ट ड्रिंक कंपनियों पर भी कार्रवाई की मांग करते हुए अग्रवाल ने केवल शराब ही नहीं, बल्कि पेप्सी और कोका-कोला जैसी सॉफ्ट ड्रिंक कंपनियों की प्लास्टिक बोतलों को भी पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बताया। उन्होंने एनजीटी और पर्यावरण संरक्षण मंडल से निवेदन किया है कि इन कंपनियों को भी प्लास्टिक पैकेजिंग बंद कर कांच या अन्य सुरक्षित विकल्पों को अपनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांग है छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्लास्टिक बोतलों में शराब बिक्री के निर्णय पर तत्काल अंतरिम रोक (Stay) लगाई जाए। पर्यावरण विभाग इस निर्णय से होने वाली क्षति का 'इम्पैक्ट असेसमेंट' करे। सॉफ्ट ड्रिंक की प्लास्टिक बोतलों पर प्रतिबंध लगाने हेतु कड़े नियम बनाए जाएं।

कन्हैया अग्रवाल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस पर्यावरण विरोधी फैसले को वापस नहीं लिया, तो वे इस लड़ाई को सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ेंगे।

### हितग्राहियों को एक साथ मिलेगा फरवरी और मार्च का चावल 20 फरवरी को

**रायपुर, 15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में इस साल चावल उत्सव 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। हर साल 7 फरवरी को होने वाला यह आयोजन इस बार देरी से हो रहा है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एफआरके टेंडर में देरी होने की वजह से कार्यक्रम की तारीख आगे बढ़ानी पड़ी है। अब राज्यभर की राशन दुकानों में एक साथ चावल वितरण की तैयारी की जा रही है। सरकार की योजना के तहत प्रदेश की करीब 14 हजार राशन दुकानों में चावल का वितरण किया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार हितग्राहियों को फरवरी और मार्च, दोनों माह का चावल एक साथ दिया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को बार-बार दुकान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और वितरण प्रक्रिया भी व्यवस्थित तरीके से पूरी हो सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण चावल उत्सव 2026 तय समय पर नहीं हो सका। एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) की आपूर्ति से जुड़े टेंडर समय पर फ ाइनल नहीं हो पाए थे। अब सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और 20 फरवरी को राज्यव्यापी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चावल उत्सव राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस आयोजन के माध्यम से पात्र परिवारों को रियायती दर पर चावल उपलब्ध कराया जाता है।

**6 हजार दुकानों में नियमित चसवल का वितरण :** फिलहाल प्रदेश की करीब साढ़े 6 हजार राशन दुकानों में नियमित रूप से चावल का वितरण जारी है। बाकी दुकानों में भी स्टॉक पहुंचाने की प्रक्रिया चल रही है, ताकि उत्सव के दिन किसी तरह की परेशानी न हो। खाद्य विभाग ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वितरण व्यवस्था सुचारू रहे और हितग्राहियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

## सहकारिता विभाग में बड़ा भ्रष्टाचार : तिवारी

**रायपुर, 15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने एक बयान जारी कर कहा कि, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर में धान खरीदी में तालपत्री, सुतली, रंग और कांटाबाट की खरीदी में बहुत बड़ा घोटाला किया गया है। रायपुर एवं अन्य जिला सहकारी बैंक के अधिनस्त समितियों में बहुत बड़ा बन्दर बांट सीईओ और अपैक्स के अधिकारी एवं अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, अपैक्स बैंक के अधिकारी द्वारा बैंक के सीईओ को फोन कर समितियों को उनके चहेते व्यापारी से सामान खरीदने कहा गया और सीईओ द्वारा एक रिटायर्ड अधिकारी को काम में लगा दिया गया है।

समिति में बिना शासकीय नियम के खरीदी करने कहा गया, शासन द्वारा जैम पोर्टल से खरीदी किया जाता है उसी तरह 3 टेण्डर लेकर भी खरीदी का प्रावधान बताया जाता है किन्तु इसकी अनदेखी कर



समिति के कर्मचारियों पर सीईओ और नोडल अधिकारियों द्वारा दबाव बनवाकर बारी बारी खरीदी बगैर नियम के की गई जो की भाजपा के चहेते भ्रष्ट अधिकारी अपने मन मर्जी से काम कर रहे है और मंत्री धृतराष्ट्र बने बैठे है क्यों।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, एक समिति से तालपत्री में लगभग 3000.00 से 5000.00 रु. तक की वसूली की गई है जिसका हिसाब होना बाकी है इसी बात की लड़ाई अपेक्स बैंक के सीईओ सहकारिता मंत्री के पीए और अपैक्स बैंक के अधिकारी के मध्य चल रही है। बैंक अपनी मूल भावना से हटकर केवल सहकारिता और अपेक्स के दलालो का अड्डा बना हुआ है जिससे समाचार पत्रों के मुख्य पृष्ट की सुर्खियां रोज पढ़ने मिल रही है सहकारिता विभाग और मंत्री चुप क्यों है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, सहकारी बैंक के कर्मचारी और उन पर अनियमित्ता का दबाव सीईओ एवं अन्य के द्वारा सहकारिता की मूल भावना अमित शाह के विभाग को वदनाम करने की साजीस छत्तीसगढ़ में चल रही है किसानों के और सहकारिता के हित की लडाई हमेशा से कांग्रेस लड़ती आ रही है और आगे भी लड़ेगी।

ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को बेनकाब कर उनके खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

### चौंकाने वाला मामला

## बीज निगम की साठगांठ से रिजेक्ट धान पर किसान को 11 लाख से अधिक का भुगतान

- **बीज प्रक्रिया केंद्र बालोद में बड़ा फर्जीवाड़ा, कलेक्टर का जिला प्रबंधक को नोटिस**

**रायपुर, 14 फरवरी।** बीज प्रक्रिया केंद्र झलमला में अमानक (रिजेक्ट) घोषित धान की कागजों पर खरीदी कर ली गई और किसान के खाते में 11.40 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया। मामला तब और संदिग्ध हो गया जब शिकायत होते ही आनन फानन में किसान के खाते से पूरी रकम वापस ले ली गई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बीज प्रक्रिया केंद्र की जिला प्रबंधक माधुरी बाला को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

**एक ही रकबे पर दोहरी खरीदी का 'खेल':** जांच में खुलासा हुआ कि ग्राम खपराभाट (तहसील देवरी) के किसान सोहन लाल कश्यप का 10.71 हेक्टेयर रकबा बीज प्रक्रिया केंद्र और धान खरीदी केंद्र देवरी, दोनों जगह पंजीकृत था। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर एक ही जमीन के आधार पर दोनों केंद्रों पर धान बेच दी गई।

**रिजेक्ट हुई 909 बोरी आखिर अब कहां:** प्रकरण की कड़ियां जोड़ते हुए जांच दल ने पाया कि 10 दिसंबर 2025 को किसान ने 1263 बोरी धान बीज निगम लेकर पहुंचा, जहां 909 बोरी धान अमानक मिला और उसे रिजेक्ट कर दिया गया। रिजेक्ट धान किसान को लौटाई जानी थी, लेकिन आरोप है कि इसे लौटाने के बजाय 29 दिसंबर को देवरी केंद्र के दूसरे टोकन के जरिए सिस्टम में खपा दिया गया। 24 दिसंबर को धान रिजेक्ट होने के बावजूद जिला प्रबंधक ने किसान को 11,40,200 रुपये का भुगतान कर दिया।

**जमीन से ज्यादा उपजः प्रति एकड़ 33 क्विंटल की खेती**

हैरानी की बात यह है कि जिले में जहां औसत उत्पादन 20 से 25 क्विंटल प्रति एकड़ है, वहीं इस मामले में 33.76 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से कुल 903.99 क्विंटल धान खरीदी दर्ज की गई। कलेक्टर ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि जिले में कहीं भी इतना उत्पादन संभव नहीं है, जो सीधे तौर पर फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। जब धान परीक्षण में फेल हो चुका था, तो भुगतान किस आधार पर किया गया? मामला सामने आते ही राशि वापस क्यों ली गई, यह गंभीर प्रशासनिक चूक है।

**अफसरों की सफाई, पोर्टल रिपोर्ट का इंतजार:** इस पूरे विवाद के केंद्र में मौजूद जिला प्रबंधक माधुरी बाला ने कहा, मैं इस मामले पर विस्तृत जवाब तैयार कर रही हूं। पोर्टल से सभी रिपोर्ट निकाली जा रही हैं, जिन्हें स्पष्टीकरण के साथ संलग्न किया जाएगा।

### कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 में छत्तीसगढ़ के

## फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सोलर व आईटी सेक्टर की मजबूत सहभागिता

**रायपुर, 15 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि राजधानी रायपुर में 20 से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित होने जा रहे नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 को लेकर व्यापारिक जगत में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन को अब छत्तीसगढ़ के विभिन्न प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठनों का व्यापक और सशक्त समर्थन प्राप्त हो रहा है।




एक्सपो की तैयारियों के क्रम में अब तक अनेक व्यापारिक संगठनों ने औपचारिक रूप से अपनी सहभागिता की घोषणा करते हुए स्टॉल बुकिंग प्रारंभ कर दी है। सहित अनेक अन्य व्यापारिक संगठनों से जुड़े व्यापारी इस एक्सपो में अपने उत्पादों एवं सेवाओं के साथ सहभागिता कर रहे हैं।

कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि फर्नीचर निर्माण, प्लाईवुड, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सोलर एवं आईटी सेक्टर की मज़बूत भागीदारी से एक्सपो की उपयोगिता और व्यावसायिक संभावनाएँ और अधिक विस्तृत हो गई हैं। व्यापारिक संगठनों की बढ़ती सहभागिता के चलते डोम एवं स्टॉल बुकिंग में निरंतर तेज़ी देखी जा रही है।

बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित होने वाले इस एक्सपो में चार भव्य डोम, आकर्षक ओपन स्टॉल्स, विशेष ऑटोमोबाइल ज़ोन, महिला उद्यमियों हेतु पिंक पवेलियन, विविध व्यंजनों से सुसज्जित फूड ज़ोन तथा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों के लिए प्रमुख आकर्षण होंगे। अनुमान है कि प्रदेश एवं देश भर से 250 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांड्स इस आयोजन में भाग लेंगे।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने विश्वास व्यक्त किया कि नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिलाने का कार्य करेगा। यह आयोजन व्यापारिक नेटवर्किंग, ब्रांड विस्तार, निवेश अवसरों को बढ़ावा देने के साथ-साथ वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 को लेकर व्यापारिक जगत में निरंतर सकारात्मक माहौल बना हुआ है और आने वाले दिनों में और भी अधिक व्यापारिक संगठनों के इस महाआयोजन से जुड़ने की संभावना है। उपरोक्त बैठक में कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- अमर पारवानी, परमानन्द जैन, सुरिन्दर सिंह, राकेश ओचवानी, अवनीत सिंह, दीपक विधानी, कान्ति पटेल, मधु अरोरा, प्रेरणा भट्ट, महेश जेठानी, निलेश मुंदड़ा, अनिल केवलानी, अविनाश माखीजा, द्वारका लखवानी, मनीष सोनी, अमित अग्रवाल, आदि।

### सेवा तीर्थ राष्ट्र को समर्पित

## नागरिक देवो भव की भावना से प्रेरित ऐतिहासिक पहल

**रायपुर, 15 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'सेवा तीर्थ' को राष्ट्र को समर्पित किया। संध्या समय आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 'सेवा तीर्थ' परिसर में पट्टिका का अनावरण कर कर्तव्य भवन 1 एवं 2 का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया गया। यह कार्यक्रम देश की प्रशासनिक संरचना में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो आधुनिक एवं नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों की सेवा के अपने अटूट संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह परिसर 'नागरिक देवो भव' की पावन भावना से प्रेरित है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'सेवा तीर्थ' केवल एक भवन नहीं, बल्कि कर्तव्य, करुणा और 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देशवासियों की सेवा के संकल्प और 'नागरिक देवो भव' की भावना को साथ लेकर इस पहल को राष्ट्र को समर्पित किया गया है।

### प्रधानमंत्री की जन-केंद्रित शासन व्यवस्था की सोच का मूर्त रूप है : तोखन साहू

तोखन साहू ने मीडिया से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'सेवा तीर्थ' प्रधानमंत्री की जन-केंद्रित शासन व्यवस्था की सोच का मूर्त



रूप है और यह भारत की प्रशासनिक कार्य-संस्कृति में एक सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रशासन को संवेदनशील, उत्तरदायी और नागरिक-प्रथम बनाने की जो दिशा दी है, यह पहल उसी संकल्प की अभिव्यक्ति है। साहू ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनना उनके लिए गर्व का विषय है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विश्वास और आशीर्वाद के कारण ही उन्हें राष्ट्र निर्माण के इस गौरवपूर्ण क्षण में सहभागी बनने का अवसर मिला है। उन्होंने अपने परिवारजनों के प्रति भी हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके संस्कार, मार्गदर्शन और सतत सहयोग ने उन्हें सदैव जनसेवा के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी है।

## एक नजर

### नगर में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई



**तिल्दा नेवरा 15 फरवरी।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया।भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई और उनके भक्त व्रत रख कर भोलेनाथ से प्राथना कर मंदिरों में जाकर उनकी आराधना करते हैं। कई जगहों पर शिव बारात भी निकाली गई, जिसमें भूत-पिशाच के रूप में शिव भक्त शामिल हुए। महाशिवरात्रि का महत्व भगवान शिव के विवाह के अवसर पर मनाया जाता है, जब उन्होंने माता पार्वती से विवाह किया था। यह दिन शिव पूजन के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है, और इस दिन की गई पूजा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। समीपस्थ ग्राम ओट गन तिल्दा में शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की यहां आयोजित समिति द्वारा शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जिसमें ग्रामीण अंचल के लोग उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि महोत्सव का भक्तिमय आयोजन किया

**डोंगरगढ़ 15 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धर्मानगर डोंगरगढ़ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसशीय महाशिवरात्रि महोत्सव का भक्तिमय में आयोजन नीचे मंदिर मेला ग्राउंड मैं 14 फरवरी को किया गया गया जिसमें प्रथम दिन मध्य प्रदेश जबलपुर की ख्याति प्राप्त भजन सांध्या म्यूजिकल ग्रुप वाणी सिस्टर सुरभि गुप्ता एवं नम्रता गुप्ता के भक्ति गीतों के साथ किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत मां बमलेश्वरी ट्रस्ट मंदिर के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा,अनिल गट्टानी, कोषाध्यक्ष पीतांबर स्वामी, मंत्री महेंद्र परिहार, सदस्य बबलू शांडील्य, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, हरीश भंडारी, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, गौतम चोपड़ा, संजीव गोमस्ता,सुषमा कोठारी, एवं मां बमलेश्वरी के पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुआ, कार्यक्रम के प्रथम दिन में मध्य प्रदेश जबलपुर की वाणी सिस्टर म्यूजिकल ग्रुप सुरभि गुप्ता एवं नम्रता गुप्ता भक्ति में प्रस्तुति देते हुए जस गीत,पचरा गीत, ज्योत जवारा गीत, शिव पार्वती विवाह आदि का मनमोहक झांकी के साथ प्रस्तुत कर आयोजन समिति के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में रंगते हुए खूब थिराकाया, उक्त अवसर पर मेला ग्राउंड में भारी संख्या में बच्चों से लेकर बूढ़े तक श्रद्धालूगढ़ भक्तिमय वातावरण के बीच भक्ति गीतों के झूमते नजर आए, वही डोंगरगढ़ के अछोली के केसरवानी गुप्ता समाज में जन्मे सुरभि गुप्ता एवं नम्रता गुप्ता को मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालु दवारा वाणी सिस्टर को डोंगरगढ़ की भाजी उपाधि प्रदान की गई, जिस पर वाणी सिस्टर म्यूजिकल ग्रुप में समस्त डोंगरगढ़ वासियो एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यों, एवं पत्रकारो से मिले स्नेह एवं प्यार के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्री जीवनेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि मनाई गई

**रायपुर 15 फरवरी।** श्री जीवनेश्वर महादेव मंदिर राजीव नगर कालोनी में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। इस मौके पर पहले दिन तीन दिवसीय अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ।रविवार को शिवजी का विशेष श्रृंगार कर रुद्रीपाठ कर जल व दुग्ध से अभिषेक किया गया, उसके बाद भोग लगाया गया। उसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया। शाम को सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया और महाआरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जवानों के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया गहरा शोक

**रायपुर, 15 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज धमतरी में हुए सड़क हादसे में कोबरा बटालियन के वीर जवानों के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेवा में समर्पित हमारे जांबाज जवानों का निधन अत्यंत हृदयविदारक है और यह क्षति अपूरणीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने दिवंगत जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में कोबरा बटालियन के जवानों की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।

# बस्तर पर्यटन विकास के नए दौर में,वर्षों से लंबित योजनाओं को मिली गति

**रायपुर, 15 फरवरी।** प्राकृतिक सौंदर्य, झरनों की कलकल ध्वनि, घने वनों की हरियाली और समृद्ध जनजातीय संस्कृति से परिपूर्ण बस्तर अंचल अब पर्यटन विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। जिन पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर लंबे समय से अपेक्षाएँ थीं, वहाँ अब चरणबद्ध तरीके से आधारभूत एवं आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। राज्य शासन और पर्यटन विभाग के समन्वित प्रयासों से बस्तर के पर्यटन परिदृश्य में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट दिखाई देने लगा है। विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, दंतेवाड़ा, बारसूर, नारायणपुर और कोंडागांव सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों




पर सड़क संपर्क को बेहतर किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, आधुनिक शौचालय, विश्राम शेड, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है।

साथ ही, पर्यटकों को जानकारी उपलब्ध कराने हेतु सूचना केंद्र एवं हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। प्रमुख स्थलों पर आकर्षक व्यू-पॉइंट, सेल्फी जोन और सौंदर्यीकरण कार्यों से इन स्थलों की भव्यता और बढ़ी है। जगदलपुर में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर के माध्यम से पर्यटकों को आवास, स्थानीय भ्रमण, गाइड सुविधा और अन्य आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग, डिजिटल भुगतान और प्रचार-प्रसार के आधुनिक माध्यमों का उपयोग कर पर्यटन सेवाओं को अधिक सुगम बनाया गया है। पर्यटन विकास का सबसे सकारात्मक प्रभाव स्थानीय युवाओं के रोजगार पर पड़ा है। गाइड प्रशिक्षण, आतिथ्य सेवा, साहसिक पर्यटन गतिविधियों और होम-स्टे योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। स्थानीय हस्तशिल्प, बेलमेटल कला, टेराकोटा और जनजातीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है।पर्यटन विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जा रही है। स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र, हरित पट्टी विकास और जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों से बस्तर की प्राकृतिक पहचान को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

बस्तर की पहचान केवल प्राकृतिक स्थलों से ही नहीं, बल्कि इसकी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराओं से भी है। बस्तर दशहरा, मड़ई महोत्सव और लोकनृत्य आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक पर्यटन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे देश-विदेश के पर्यटक बस्तर की अनूठी परंपराओं से परिचित हो रहे हैं। पर्यटन विभाग द्वारा बस्तर के समग्र विकास हेतु दीर्घकालीन मास्टर प्लान के अंतर्गत योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। भविष्य में साहसिक पर्यटन, इको-टूरिज्म, वाइल्डलाइफ टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को और सशक्त बनाने की दिशा में पहल जारी है। स्थानीय नागरिकों, पर्यटन व्यवसायियों और आगंतुकों ने इन विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि बस्तर आने वाले वर्षों में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। बस्तर का पर्यटन क्षेत्र अब नई ऊर्जा, नई सोच और समन्वित प्रयासों के साथ आगे बढ़ रहा है।

### बढ़ी विकास की रफ्तारतो दूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंच रही विकास की रोशनी

# सड़कों और पुलों से बदल रही तस्वीर दूरस्थ गांव मुख्य धारा से जुड़ रहे





**रायपुर, 15 फरवरी।** सड़कों और पुलों के निर्माण के बाद विकास व समृद्धि के रास्ते अब साफ नजर आने लगे हैं। सरकार ने अंदरूनी और दूरस्थ इलाकों को मुख्य मार्गों से जोड़ने को प्राथमिकता देते हुए बड़े पैमाने पर सड़क और पुल-पुलियों के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे जिन इलाकों में पहले आवागमन कठिन था, वहां अब सालभर संपर्क बना हुआ है। लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी आसान हुई है और विकास कार्यों को नई गति मिली है।

पिछले दो वर्षों में कांकेर जिले में 61 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 15 पुलों के काम पूर्ण किए गए हैं। इन पुलों के बनने से जिले के लगभग 100 गांवों और करीब 80 हजार आबादी का सीधा और बारहमासी संपर्क ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय से हो गया है। अब ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और पर्यटन जैसी सुविधाओं तक पहुंचने में पहले जैसी परेशानी नहीं होती। सरकारी योजनाएं भी तेजी से गांवों तक पहुंच रही हैं।

आतुरबेड़ा-भैसगांव-निन्ना मार्ग पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में मेंढ़की नदी पर बना उच्च स्तरीय पुल इस बदलाव का बड़ा उदाहरण है। इस पुल के कारण सुदूरांचल के लोगों का आवागमन सुगम हुआ है और प्रशासनिक गतिविधियों को भी मजबूती मिली है। सड़क और पुल नेटवर्क के विस्तार से न सिर्फ विकास कार्य तेज हुए हैं, बल्कि माओवाद प्रभावित रहे इलाकों में शासन की पकड़ भी मजबूत हुई है।

सड़कों और पुलों के नेटवर्क लगातार मजबूत किए जा रहे हैं। कांकेर जिले के कोने-कोने को राज्य मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग, ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय से जोड़ने पिछले दो वर्षों में 85 करोड़ रुपये की लागत से 9 नए वृहद पुलों को स्वीकृति दी गई है। लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री राजेंद्र सोनकर ने बताया कि बासनवाहीङ्कटांहकापार मार्ग पर महानदी पर 28 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत पुल हजारों ग्रामीणों की सुविधा और पर्यटन विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। सोनपुरङ्कमरोड़ा मार्ग पर बेचाघाट में कोटरी नदी पर 15 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसके पूरा होने से माओवाद प्रभावित माड़ क्षेत्र का सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा। राज्य शासन दूरस्थ अंचलों तक मजबूत सड़कों और पुलों के माध्यम से लोगों की सहूलियतें बढ़ाने तथा दुर्गम एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक विकास की रोशनी पहुंचाने प्रतिबद्धता से काम कर रही है। कांकेर में बन रहे ये पुल सिर्फकांक्रीट की संरचनाएं नहीं हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा की ओर बढ़ते कदम हैं। इनके पूरा होते ही जिले के सुदूरवर्ती गांवों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से लाभ मिलेगा। इससे विकास की रफ्तार और तेज होगी।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से वनांचल के सुदूर टोलों में पहुंचेगी बिजली

**रायपुर, 15 फरवरी।** जंगलों के बीच बसे जिन टोलों ने पीढ़ियों तक अंधेरे को अपनी नियति मान लिया था, वहां अब उजाले की पहली किरण पहुंचने जा रही है।सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड के तीन सुदूर ग्रामों में आज़ादी के दशकों बाद पहली बार नियमित बिजली पहुंचाने के लिए 3 करोड़ 6 लाख 92 हजार 670 रुपये की बड़ी स्वीकृति जारी की गई है। यह महत्वपूर्ण पहल महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से संभव हो पाई है। सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मसंकी, बांक और असुरा के कई मजरा-टोले अब तक मुख्य विद्युत लाइन से कटे हुए थे। रात ढलते ही यहां घना अंधेरा छा जाता था और ग्रामीण ढिबरी या सीमित सोलर लाइट के सहारे जीवन यापन करने को विवश थे। बच्चों की पढ़ाई, किसानों का कार्य और सामान्य जनजीवन अंधेरे की मार झेल रहा था। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ऊर्जा विभाग और राज्य स्तर पर पहल कर इन टोलों के विद्युतीकरण का प्रस्ताव आगे बढ़ाया। 'मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना' के तहत स्वीकृत इस राशि से ग्राम मसंकी के लुकभुकिया और पतेरीपारा, ग्राम बांक के खासपारा और स्कूलपारा तथा ग्राम असुरा के खासपारा, पण्डोपारा और असुरा-1 में विद्युत विस्तार कार्य किया जाएगा। करोड़ों की लागत से होने वाला यह कार्य न केवल घरों को रोशन करेगा, बल्कि शिक्षा, कृषि और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। सबसे बड़ी चुनौती वन भूमि की अनुमति थी। चूंकि संबंधित टोले घने जंगलों के बीच स्थित हैं, इसलिए विशेष स्वीकृति आवश्यक थी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर विभागीय स्तर पर आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया गया है और अब शीघ्र ही जमीनी स्तर पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश का कोई भी घर अंधेरे में न रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्युत सुविधा उपलब्ध होने से बच्चों को अध्ययन में सुविधा मिलेगी, किसानों को कृषि कार्यों में सहूलियत होगी तथा स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और लघु उद्यमों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल वनांचल क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## आंगनबाड़ी बाल शिक्षा,स्वास्थ्य,सामाजिक चेतना व ग्रामीण रोजगार के केंद्र के रूप में उभर रहे

**रायपुर, 15 फरवरी।** भारत का भविष्य जिन नन्हे कदमों पर आगे बढ़ता है, वे आज देशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा और मुस्कान के साथ नई दिशा पा रहे हैं। कभी केवल पोषण और देखभाल तक सीमित माने जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्र आज प्रारंभिक बाल शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक चेतना और ग्रामीण रोजगार के बहुआयामी केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के महासमुंद, धमतरी, मुंगेली और नारायणपुर जैसे जिलों में दिखाई दे रहा यह परिवर्तन अब राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरक मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और महिला एवं बाल विकास विभाग के अभिशरण से निर्मित नवीन आंगनबाड़ी भवनों ने की अवधारणा को जमीनी स्तर पर साकार कर दिया है।11.69 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्रत्येक भवन में दीवारों, फर्श, सीढ़ियों, दरवाजों और खुली जगहों को शिक्षण माध्यम के रूप में विकसित किया गया है। हिंदी-अंग्रेजी वर्णमाला, अंक, आकृतियाँ, दिशाएँ, जीव-जंतु, स्थानीय परिवेश और सामान्य ज्ञान से जुड़ी चित्रकारी बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर प्रदान कर रही है।अब आंगनबाड़ी भवन स्वयं एक शिक्षक बन चुके हैं जहाँ हर दीवार एक पाठशाला है।

प्रारंभिक बाल शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने की दिशा में धमतरी जिले का बाला मॉडल एक उल्लेखनीय उदाहरण बनकर उभरा है। मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग और 15वें वित्त आयोग के सहयोग से जिले में 81 बाला आधारित आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण प्रारंभ किया गया है, जिनमें से 51 केंद्र पूर्ण हो चुके हैं।



## आध्यात्मिक मूल्यों एवं संस्कारों की पाठशाला है अघोर गुरु पीठ बनोरा : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर, 15 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ ब्रह्मनिष्ठालय पहुंचे। उन्होंने आश्रम के उपासना स्थल पर परम पूज्य अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों का स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने अघोरेश्वर के प्रिय शिष्य पूज्य बाबा प्रियदर्शी भगवान राम जी के दर्शन कर स्नेहिल आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक परंपरा हमारी सबसे बड़ी धरोहर है और अघोर गुरु पीठ जैसे संस्थान समाज को संस्कार, सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहे हैं। यहाँ आकर आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत परंपरा समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा और नैतिक दिशा प्रदान करती है, जो जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा की भावना पहुँचाना ही सच्चा राष्ट्र निर्माण है। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## कुपोषण उन्मूलन की सशक्त पहलः मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना एवं 'वजन त्यौहार' से बच्चों को मिला स्वास्थ्य संबल



**रायपुर , 15 फरवरी।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत कुपोषण उन्मूलन की दिशा में ठोस एवं परिणाममुखी कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित ÷वजन त्यौहार÷ अभियान के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी कर उन्हें समुचित उपचार एवं पोषण परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

महासमुंद जिले में नयापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 80 बच्चों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 29 बच्चे कुपोषित एवं अति कुपोषित श्रेणी में पाए गए, जिन्हें तत्काल आवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय परामर्श तथा पोषण संबंधी उपचार उपलब्ध कराया गया। गंभीर रूप से प्रभावित बच्चों को नियमित फॉलोअप एवं आवश्यकता पड़ने पर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती की जानकारी दी गई।

महासमुंद जिले में इसी क्रम में 9 से 18 फरवरी तक आयोजित ÷वजन त्यौहार÷ के अंतर्गत शहरी परियोजना क्षेत्र के डॉ. सुशील सैमुअल वार्ड (सेक्टर-01) में विशेष शिविर आयोजित कर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का वजन एवं ऊंचाई मापी गई। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर कुपोषित एवं अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष पोषण आहार, चिकित्सा सुविधा एवं निरंतर निगरानी से जोड़ा गया। गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम एवं आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों के नियमित सेवन तथा संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी गई। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य दल द्वारा पालकों को संतुलित आहार की उपयोगिता, नियमित टीकाकरण, स्वच्छता, कृमिनाशक दवा सेवन, साफ पेयजल के उपयोग तथा दस्त-उल्टी जैसी स्थिति में त्वरित उपचार के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों के भोजन में दाल, हरी सब्जियां, दूध, अंडा, फल एवं मौसमी खाद्य पदार्थ शामिल करने की सलाह दी गई।पालकों को यह भी बताया गया कि जीवन के प्रारंभिक छह वर्ष बच्चे के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास की आधारशिला होते हैं। नियमित वजन-ऊंचाई मापन और पोषण प्रबंधन से एनीमिया एवं कुपोषण जैसी समस्याओं की प्रभावी रोकथाम संभव है।

अभियान के दौरान केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल की गई। देवार जाति की चार शाला त्यागी किशोरियों को पुनः विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु समझाइश दी गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। यह प्रयास बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने तथा सामाजिक समावेशन को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण स्तर का मूल्यांकन, आवश्यक दवा वितरण, परामर्श तथा गंभीर मामलों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर कर उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है।

### प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर हरिप्रसाद प्रजापति समाज के अध्यक्ष नियुक्त


# प्रजापति समाज की बैठक में संगठन मजबूती पर दिया गया बल

**रायपुर 15 फरवरी।** रायपुर स्थित उदय पैलेस में प्रजापति समाज की एक महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी बैठक आयोजित की गई। यह बैठक भारतीय प्रजापति हीरोज़ ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में संपन्न हुई, जिसमें समाज को संगठित, सशक्त और मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में BPHO के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत चक्रधारी तथा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र पाटिल प्रजापति की विशेष उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश में समाज के संगठनात्मक विस्तार एवं एकता को लेकर अहम निर्णय लिए गए।प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर चक्रधारी की अनुशंसा पर हरिप्रसाद प्रजापति को BPHO छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हरिप्रसाद प्रजापति के नाम की घोषणा होते ही उपस्थित समाजजनों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।



बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को शिक्षा, सामाजिक समरसता, रोजगार और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। संगठन को गांव-गांव और शहर-शहर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। महिला सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। समाज की महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन की मजबूती और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा छत्तीसगढ़ में प्रजापति समाज को एक नई दिशा देने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।


# मिले कामयाबी आपको हमें नाकाम रहने दो... शोहरतें हों आपकी हमें गुमनाम रहने दो...



देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने लोस अध्यक्ष ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, लोस में संख्या बल के चलते यह धारासायी होगा यह तय है पर जनता के सामने लोस अध्यक्ष के पक्षपाती तरीके से संचालन की बात लाने में विपक्ष सफल तो हो जाएगा? भारत में पहली बार राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर पीएम या नेतापक्ष नहीं बोले.. कारण रहा लोस अध्यक्ष...? उन्होंने सँसद में कहा कि कांग्रेस की कुछ महिला सांसद पीएम पर हमला कर सकती थीं, इस लिये मैंने पीएम को लोस में सम्बोधन से मना किया,गजब है...56 इंच का सीना.. विदेश के कई देश मोदी से थर -थर काँपते हैं, सँसद में बहुमत... सेना उनकी, पुलिस उनकी, सीबीआई, ईडी, रा उनकी और संसद में ही अ-सुरक्षित हैं पीएम मोदी.. !और यह कह कौन रहे हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ? सिर्फ़ ज़रूरी नहीं था, यह अनिवार्य था। जब लोकसभा अध्यक्ष खुले तौर विपक्ष को अपमानित करते हैं, सदन को सत्तापक्ष का एक्सटेंशन बना देते हैं, और संसदीय परंपराओं को रबर-स्टैम्प की तरह इस्तेमाल करते हैं? अविश्वास प्रस्ताव लोकतंत्र का शोर नहीं,उसकी आख़िरी दस्तक होता है। पीएम को विपक्षी सांसदों से खतरा है यह वाक्य खुद में स्वीकारोक्ति है।खतरा विपक्ष से नहीं,खतरा सवालों से है, खतरा बहस से है, खतरा जवाबदेही से है और जब सत्ता को सवालों से डर लगने लगे, तब स्पीकर का काम सत्ता की ढाल बनना नहीं होता..? लेकिन यही भूमिका निभाई गई।अविश्वास प्रस्ताव किसी व्यक्ति के ख़िलाफ़ नहीं,संस्था गत पतन के ख़िलाफ़ है।अगर संसद में विपक्ष ही असुरक्षा बन जाए, तो फिर लोकतंत्र एक तमाशा है, और यह प्रस्ताव उस तमाशे का पर्दा फाड़ने की कोशिश....नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी पूर्व सेनाध्यक्ष नरवणे की एक पुस्तक (छपी है या नहीं ) पर बोलते हैं तो लोस अध्यक्ष नियमों का हवाला देकर बोलने से रोकते हैं पर भाजपा के एक सांसद निशिकांत दुबे ने कुछ पुस्तकों का हवाला देकर देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू, पहली महिला पीएम इंदिरा गाँधी की चरित्र हत्या का प्रयास करते हैं पर आसन्दी चुप रहती है यह क्या है.....?



### इतिहास में स्पीकर के खिलाफ कितने अविश्वास प्रस्ताव....?



लोकसभा के इतिहास में स्पीकर के खिलाफ अब तक 3 प्रमुख अविश्वास प्रस्ताव लाए गए हैं, कोई भी सफल नहीं हो पाया है। 0 पहला मामला 18 दिसंबर 1954 का है, तब स्पीकर जीवी मावलंकर के खिलाफ प्रस्ताव आया,लेकिन बहस के बाद सदन ने इसे खारिज कर दिया। 0 दूसरा 24 नवंबर 1966 में हुकमसिंह के खिलाफ लाया गया, जो 50 सदस्यों के समर्थन की कमी के कारण गिर गया। 0 तीसरा 15 अप्रैल 1987 में बलराम जाखड़ के विरुद्ध था, बहस के बाद अस्वीकार कर दिया गया। 0 इसके अलावा 1967 में डॉ. नीलम संजीव रेड्डी, 2001 में जीएमसी बाल योगी, 2011 में मीरा कुमार, 2020 में ओम बिरला के खिलाफ नोटिस की चर्चाएं जोरों पर रहीं, लेकिन ये कभी अमल में नहीं आए...।

### भूपेश, गोगोई पर 500 करोड़ रुपए का मानहानि केस...




असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता,पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह और गौरव गोगोई के खिलाफ 500 करोड़ ? का मानहानि केस दर्ज कराया है। सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि इन नेताओं ने प्रेस कान्फ्रेंस के जरिए उन पर जान बूझकर झूठे, अपमान जनक आरोप लगाए हैं।जानकारी के मुताबिक विवाद की शुरुआत 4 फरवरी को हुई, जब असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सीएम के परिवार ने लगभग 12 हजार बीघा (करीब 3,960 एकड़) सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया है। इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सरमा ने कानूनी कार्रवाई का रास्ता चुना है।

### नक्सलवाद : केंद्र का 20 प्रतिशत अधिक बजट...

केंद्र सरकार ने बजट 2026 में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा, बुनियादी ढांचे पर होने वाले खर्च के लिये 3610.80 करोड़ का फंड आबँटित किया जो पिछली बार की तुलना में 20%अधिक है।केंद्र सरकार ने नक्सलवाद समाप्त करने 31 मार्च 2026 की समय सीमा तय की है।यह रकम नक्सली प्रभावित रहे क्षेत्रों में सुरक्षा,नई सड़क सहित बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध करने पर खर्च होगा।यहां बताना जरुरी है की पिछले 10 वर्षो में नक्सली 53 प्रतिशत तक कम हुई है।हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में नक्सल प्रभावित पड़ोसी राज्यों के पुलिस मुखियाओं की बैठक लेकर 31 मार्च 26 तक नक्सलवाद को समाप्त करने पर बल दिया और बचे नक्सलियों से आत्मसमर्पण की भी अपील की है।

### और अब बस....

- बस्तर पंडुम 2026 में राष्ट्रपति मुर्मु बोलीं- 'छत्तीसगढ़ आकर हमेशा घर जैसा अपनापन महसूस होता है '।
- बस्तर नक्सलमुक्ति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन आईईडी बम सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। सुरक्षा बलों और निर्दोष ग्रामीणों की जान लेने वाला यह खतरा शांति की राह में बड़ी चुनौती बना है।
- बस्तर में नक्सल विरोधी अभियानों से माओवादियों की कमर टूट चुकी है,4 साल में 256 नक्सली मारे गए और हिंसा के मामलों में बड़ी गिरा वट आई है। सरेंडर और गिरफ्तारियों से नक्सली नेटवर्क कमजोर हुआ है।



PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 15 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पुण्य सलिला खारुन नदी के तट पर स्थित श्री हटकेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

रफ्तार का कहर

## ट्रक की चपेट में आने से श्रमिक की मौत, उजड़ गया हंसता-खेलता परिवार



**रायपुर, 15 फरवरी।** राजधानी के सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। अविनाश लॉजिस्टिक पार्क के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार श्रमिक को अपनी चपेट में ले लिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मजदूर ने दम तोड़ दिया। इस हादसे ने न केवल वृद्ध माता-पिता के बुढ़ापे की लाठी छीन ली, बल्कि तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया भी हटा दिया।

### काम के सिलसिले में बाहर निकला था युवक

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बोधीराम चौहान (33 वर्ष) मूल रूप से सरायपाली के ग्राम बिछिया का निवासी था। वह पिछले तीन वर्षों से सिलतरा स्थित 'श्रीराम प्लास्ट' पाइप फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। शनिवार शाम वह अपनी बाइक से किसी जरूरी काम के लिए निकला था, तभी ट्रक (CG 04 J 5043) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

**अस्पताल पहुंचने से पहले थमी सांसें:** टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोधीराम के सिर पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद फैक्ट्री सुपरवाइजर और सहयोगियों ने तत्काल उसे धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

यह हादसा इस परिवार के लिए दूसरा बड़ा आघात है। सुपरवाइजर चंद्रा महिलांगे ने बताया कि बोधीराम के बड़े भाई की भी कुछ साल पहले सड़क हादसे में ही मौत हो गई थी। बड़े भाई के जाने के बाद बोधीराम ही अपने 69 वर्षीय पिता हेमलाल और 62 वर्षीया माता गणेशी बाई का एकमात्र सहारा था। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद चीरघर (मर्चुरी) में रखवा दिया है। परिजनों के रायपुर पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव उन्हें सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26